# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




रामलला का दिव्य सूर्य तिलक

**4 मिनट तक दमका रामलला का ललाट | रामनवमी पर अयोध्या में श्री रामलला का दिव्य एवं अलौकिक सूर्य तिलक**

# ओम नमोस्तु सूर्याय सहस्त्र रश्मये

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में शुक्रवार दोपहर ठीक 12 बजे अभिजीत मुहूर्त के दौरान प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह बालक राम का दूसरा सूर्य तिलक है, जिसमें करीब 4 मिनट तक सूर्य की नीली किरणें उनके ललाट पर पड़ती रहीं। इस अलौकिक दृश्य को साकार करने के लिए बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने विशेष उपकरणों का निर्माण किया था। रामनवमी के इस विशेष अवसर पर भगवान को पीले रंग के वस्त्र पहनाए गए और जन्मोत्सव के समय गर्भगृह में 14 विशेष पुजारी मौजूद रहे। सूर्य देव की किरणों को दर्पण और लेंस के जरिए परावर्तित कर सीधे रामलला के मस्तक तक पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रामलला के दर्शन किए। राम नवमी के अवसर पर उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना की और राम मंदिर में 'सूर्य तिलक' अनुष्ठान देखा। पीएमओ की ओर से एक तस्वीर जारी की गई है जिसमें पीएम लाइव टीवी पर राम मंदिर में हो रहे अनुष्ठान को देख रहे हैं। वहीं, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूर्यवंश शिरोमणि प्रभु श्री रामलला के दिव्य भाल पर विराजित यह स्वर्णिम 'सूर्य तिलक' आस्था, आत्मगौरव और अध्यात्म का आलोक है।



पीएम मोदी टीवी पर लाइव देखते हुए

## पीएम मोदी ने किए लाइव दर्शन

**इस खगोलीय घटना को देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं ने सीधे प्रसारण के जरिए देखा**

### वैज्ञानिकों की मेहनत और राम-त्व का संगम

*बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने सूर्य की गति का गहन अध्ययन कर ये खास उपकरण तैयार किए हैं। ट्रस्ट के अनुसार इन उपकरणों की डिजाइन ऐसी है कि अगले 19 साल तक सूर्य की गति में होने वाले बदलावों के बावजूद किसी छेड़छाड़ की जरूरत नहीं होगी।*


inh

TATA PLAY airtel

चैनल नं. 1155 चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

आरसीबी एसआरएच

शाम 7.30 बजे से



## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने शिक्षक के सस्पेंशन पर लगाई रोक



**ग्वालियर।** पीएम मोदी की मिमिक्री वाले वीडियो को लेकर सस्पेंड किए गए शिक्षक को मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने शिक्षक के सस्पेंशन आदेश पर रोक लगा दी है और पुनर्विचार के लिए संबंधित अधिकारी के पास भेज दिया है।

### ओलंपिक में ट्रांसजेंडर महिला कैटेगरी में बैन



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने ऐलान किया है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और भविष्य में होने वाले खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं महिला कैटेगरी में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। बायोलॉजिकल महिलाओं को ही अनुमति होगी।


### डॉलर के मुकाबले रुपया 94.82 के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपया 86 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक बार फिर सर्वकालिक निचले स्तर 94.82 पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरे सत्र में रुपए में गिरावट है।

मिडिल ईस्ट संकट के बीच केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

# राजनाथ के नेतृत्व में मंत्रि-समूह बना, तेल-गैस पर रखेगा नजर



राजनाथ सिंह

*ग्रुप में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य संबंधित मंत्री सदस्य के रूप में शामिल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट संकट से पैदा होने वाले विभिन्न मुद्दों पर लगातार नजर रखने और उनका समाधान करने के लिए एक इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन किया है। इस ग्रुप की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। ग्रुप में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य संबंधित मंत्री सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह ग्रुप मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों खासकर ऊर्जा सुरक्षा, तेल-गैस आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता पर नजर रखेगा।

सरकार का यह कदम इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की आधी जरूरत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात करता है। हाल के हमलों के बाद इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से टैंकरों की आवाजाही पर असर हुआ है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। भारत में ईंधन की कीमतों में उछाल या पैनिक स्थिति न बने, इसके लिए यह ग्रुप एक्टिव रूप से काम करेगा।

**पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाया लॉकडाउन की अफवाहें खारिज**



गुजरात पहुंचा जहाज

**अफवाह फैलाना और बेवजह डर का माहौल बनाना गैर जिम्मेदाराना और हानिकारक**

**भारत के करीब 20 जहाज अभी होर्मुज के पश्चिम क्षेत्र में फंसे हुए हैं**

### हरदीप सिंह पुरी बोले- पेट्रोल डीजल-एलपीजी की कमी नहीं

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लॉकडाउन की खबरों को भी अफवाह बताया। हम ऊर्जा, सप्लाई चेन और जरूरी वस्तुओं से जुड़े हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर संभावित चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के स्तर पर लॉकडाउन कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

***पेट्रोल-डीजल पर 10 रु. घटाई गई एक्साइज ड्यूटी :*** *सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए घटा दी है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटकर 3 रुपए प्रति लीटर रह गई है। डीजल पर एक्साइज ड्यूटी शून्य हो गई।*

ईरान से जंग के बीच ट्रंप का चौंकाने वाला बयान

### पीएम मोदी और मैं निपट लेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। ट्रंप ने कहा है कि पीएम मोदी और मैं दो ऐसे लोग हैं जो काम पूरा कर दिखाते हैं। यह मैसेज अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को भारत में अपनी आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया। ट्रंप ने लिखा कि भारत के साथ हमारा शानदार रिश्ता आगे और मजबूत होगा। पीएम मोदी और मैं दो ऐसे लोग हैं जो काम पूरा कर दिखाते हैं, जो ज्यादातर लोगों के बारे में नहीं कहा जा सकता है।

### एलपीजी गैस लेकर गुजरात पहुंचा जहाज 'जग वसंत'

भारतीय झंडे वाला जहाज जग वसंत भारत पहुंच गया है। जहाज शुक्रवार सुबह गुजरात के बंदरगाह पर पहुंचा। बीते दिनों भारतीय झंडे वाले दो जहाजों पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार बीते सोमवार को इन दोनों जहाजों को ईरान के लारक और केश्म द्वीपों के बीच देखा गया था।



पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते सीएम

*सीएम रामनवमी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर पहुंचे छिंदवाड़ा*

## हादसे से पीड़ित परिवारों से मिले भर्ती घायलों का हालचाल जाना

**परिवारों को संबल योजना से भी दिए जाएंगे 4-4 लाख रुपए, घायलों को दी जाएगी एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत लोगों के परिजन से भेंट कर उन्हें सांत्वना प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना पीड़ादायक है। मप्र सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। इन परिवारों को संबल योजना की 4 लाख रुपए की राशि भी प्रदान की जाएगी।

### घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में गुरूवार को हुई सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को सभी घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक किए गए उपचार की जानकारी ली और निर्देश दिए ।

फिर बदला मौसम का मिजाज

### सीहोर, गुना में चलीं तेज हवाएं नर्मदापुरम दूसरे दिन भी गर्म



■ कल से गरज चमक के साथ पड़ेंगी बौछारें

**भोपाल।** प्रदेश में शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला नजर आया। जिससे प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाएं चलीं, जबकि कुछ हिस्सों में बादलों की आवाजाही बनी रही। सीहोर, गुना, नर्मदापुरम, मुरैना, सतना, कटनी और सागर में तेज हवाएं चलीं। हालांकि कई जगहों पर बादल छाने के बाद भी तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यहां अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई।

बारातियों से भरी बस खाई में गिरी

### महिलाएं-बच्चे सहित 27 घायल इंदौर से खाचरोद जा रही थी बस



■ ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ हादसा

**उज्जैन।** शुक्रवार को मुस्लिम युवक की बारात लेकर इंदौर जा रही बस बड़नगर रोड पर पलट गई। हादसे से अफरा तफरी मच गई। आवाज सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को बस से निकाला। इस हादसे में 27 से अधिक घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां इन दिनों सड़क निर्माण कार्य चल रहा है।

वंदे भारत में खराब दही पर एक्शन

### अमूल को थमाया नोटिस कैटरिंग ठेकेदार पर जुर्माना



■ कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने की प्रक्रिया शुरू

**पटना।** टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 21896) में परोसे गए दही की गुणवत्ता को लेकर एक यात्री ने शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत 15 मार्च को की गई थी, जिसमें दही खराब होने का आरोप लगाया गया। इंडियन रेल कैटेरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अमूल को नोटिस जारी किया है और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

ग्वालियर में दर्दनाक हादसा

## स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार के 5 की मौत, 4 घायल

**आक्रोशित परिजन ने शवों को थाटीपुर चौराहे पर रखकर चक्काजाम किया**



हादसे के बाद ऑटो के परखच्चे उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां स्कॉर्पियो और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। दो बच्चों सहित चार लोग घायल हैं। वहीं, गंभीर हेड इंजरी की वजह से ऑटो ड्राइवर की हालत भी नाजुक है। हादसा शुक्रवार तड़के 3 बजे परशुराम चौराहे पर उस समय हुआ, जब ऑटो में सवार लोग शीतला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो नीम के पेड़ से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, उसमें सवार यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

लोकायुक्त इंदौर की कार्रवाई

## एसआई 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते धराया, टीआई की भूमिका भी संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर लोकायुक्त की टीम ने खरगोन के कसरावद थाना में पदस्थ कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) रवीन्द्र कुमार गुरू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी को कसरावद बस स्टैंड पर 7 हजार रुपये लेते समय दबोचा गया। मामले में फरियादी श्यामलाल उपाध्याय (69), निवासी ग्राम चंदावड़, तहसील भगवानपुरा ने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी।


**शिकायत को रफा-दफा करने मांगे थे 20 हजार**



### पटवारी दो हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

**शिवपुरी।** जिले के पोहरी अनुविभाग में पदस्थ एक पटवारी को लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर की टीम ने शुक्रवार दोपहर दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार आरोपी पटवारी देवेंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने भान सिंह धाकड़ से भूमि का नक्शा दुरुस्त करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

## ओपनिंग सेरेमनी के बिना ही आज से आईपीएल 2026 का आगाज



***बीसीसीआई ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद की***

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा पहला मैच, बेंगलुरु- हैदराबाद के बीच होगी टक्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज शनिवार 28 मार्च से होने जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद कर दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 का पहला मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले कोई जश्न नहीं होगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल 31 मई को भव्य क लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बना रही है। आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी ने जीता था। ट्रॉफी के जश न के दौरान 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 क्रिकेट प्रेमियों की जान चली गई थी। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के किसी सीजन का आगाज ओपनिंग सेरेमनी के बिना होगा। लीग के 18 साल के इतिहास में पहले भी 4 बार ऐसा हो चुका है।



ईशान किशन रजत पाटीदार

### आरसीबी के दो गोलंदाज नहीं खेलेंगे

विराट कोहली एक बार फिर आरसीबी के लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं। चिन्नास्वामी की छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। हालांकि, मैच से ठीक पहले स्टार तेज गेंदबाजों की चोट ने आरसीबी की टीम में थोड़ी चिंता जरूर पैदा की है। यश दयाल और नुवान तुषारा जैसे नामों की कमी टीम को खल सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एक नए अवतार में नजर आएगी। स्टार ऑलराउंडर पैट कमिंस की अनुपलब्धता के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी ईशान किशन को मिलने की संभावना है। ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा जैसे पावर-हिटर्स के साथ हैदराबाद का बैटिंग लाइनअप किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने का दम रखता है।

## सीएम ममता बेनर्जी के आपत्तिजनक वीडियो मामले में कड़ा एक्शन

# पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, बीएनएस और आईटी अधिनियम के तहत की जा रही है जांच

शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक वीडियो प्रसारित किए जाने के मामले में कोलकाता के शेक्सपियर सरणी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई की है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में की गई टिप्पणियां न केवल अश्लील और अपमानजनक हैं, बल्कि इससे सांप्रदायिक तनाव और हिंसा भड़कने की भी आशंका है। मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुल 16 धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और वीडियो के स्रोत तथा प्रसार की कड़ी तलाश कर रही है।

वीडियो से छवि खराब करने और तनाव भड़काने का आरोप


पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी

### ममता का भाजपा पर हमला

### यह चुनाव कौरवों के साथ पांडव की लड़ाई

सीएम बेनर्जी ने बर्द्धमान के पांडवेश्वर और बीरभूम जिले के दुबराजुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। ममता ने भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर शब्दवाण चलाए। उन्होंने टीएमसी को पांडव व भाजपा को कौरव बताया। सीएम ने कहा कि मेरे हाथ से सब पावर छीन लिया है, भाजपा की जो इच्छा हो रही है, वह कर रही है। इस जगह का नाम पांडवेश्वर है, जो कि पांडवों से जुड़ा हुआ स्थान है। यह चुनाव भी महाभारत की ही तरह कौरवों और पांडवों की लड़ाई है। वे लोग (भाजपा) खुद लूट करते हैं, झूठ बोलते हैं। मैं सीएम के रूप में वेतन भी नहीं लेती, किसी के पैसे की चाय नहीं पीती, फिर भी मुझे चोर कहते हैं।

## सुभेंदु ने नंदीग्राम में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली



भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुभेंदु अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में स्थित अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में इस क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थित गुंडों द्वारा ऐसी रैलियों पर हमले किए जाते थे। शोभायात्रा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिकारी और शोभायात्रा में शामिल अन्य लोगों को पानी, मिठाई और फल भेंट करते हुए देखे गए। सुभेंदु ने कहा कि रामनवमी रैली का स्वागत करने वाले राष्ट्रवादी मुसलमानों और सत्तारूढ़ टीएमसी

चुनाव प्रशिक्षण में 'ममता' का विरोध

### निर्वाचनकर्मी वाले शिक्षक का सिर फटा

नदिया जिले के राणाघाट में एक चुनावी प्रशिक्षण शिविर एक निर्वाचन कर्मी शिक्षक को जमकर पीटा गया। प्रशिक्षण लेने आए एक शिक्षक का सिर फटने और गंभीर चोटें आने के बाद सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। घायल शिक्षक का आरोप है कि ट्रेनिंग के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर राज्य सरकार के प्रचार वीडियो और सीएम ममता बेनर्जी की तस्वीर दिखाई जा रही थी, जिसका विरोध करने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया।

### अन्नाद्रमुक ने 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।



केरल हाईकोर्ट का निर्वाचन आयोग को आदेश

### सांप्रदायिक टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध याचिका पर करें 'विचार'

केरल उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि जब कोई उम्मीदवार समुदाय, समाज और देश को नुकसान पहुंचाने वाली नफरती या सांप्रदायिक टिप्पणी करता है, तो क्या होता है। गुरुवायूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बी गोपालकृष्णन के एक चुनाव प्रचार वीडियो में कथित सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के द्वारा 20 मार्च को उसे दिए गए अभ्यावेदन पर विचार करे और उपयुक्त आदेश पारित करे। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने की तिथि से दो महीने के भीतर उसका निपटारा किया जाए।

### 77 करोड़ मूल्य के सोने के आभूषण जब्त

निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने तमिलनाडु के चेन्नई शहर में वाहनों की जांच के दौरान 77.29 करोड़ रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, ये आभूषण 26 मार्च की रात टी. नगर विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर इलाके में जब्त किए गए। निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने वाहनों की जांच के दौरान एक वाहन से लगभग 381 किलोग्राम सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए।

### केरल में थरूर का दावा

### भाजपा-माकपा का कोई समझौता कारगर नहीं होगा



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दावा किया कि माकपा और भाजपा के बीच कथित तौर पर हुआ कोई भी समझौता चुनावों में काम नहीं आएगा, क्योंकि कांग्रेस का जनता के साथ समझौता है। थरूर ने कहा कि वाम दलों का लक्ष्य सत्ता में बने रहना है।

### कांग्रेस का सीएम पिनराई पर तंज

### राहुल पर निशाना साध रहे, लेकिन पीएम मोदी पर 'चुप' बैठे



कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने केरल के सीएम पिनराई विजयन राज्य में राहुल गांधी के प्रभाव से भयभीत हैं और वह पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल रहे। उन्होंने कहा कि केरल की जनता राहुल गांधी से कितना प्रभावित है इसलिए वह उनसे घबराए हुए हैं।

### खबर संक्षेप

### ट्रॉला से भिड़ा पिकअप वाहन, 8 की मौत



**कौशांबी।** प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर सैनी क्षेत्र के डोरमा गांव के सामने पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्राला में अनियंत्रित पिकअप भिड़ गया। इस हादसे में 8 की मौत हो गई। एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए।

### ईडी ने जब्त की 19.12 करोड़ की संपत्ति

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने एनएसईएल केस में बड़ी कार्रवाई की है। 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। ईडी ने 19.12 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थाई रूप से जब्त कर लिया गया है।

### सेल्फी लेते तुंगभद्रा नदी में 2 महिला सहित 4 डूबे



**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कोसिगी में शुक्रवार को तुंगभद्रा नदी में दो महिलाओं सहित चार लोग डूब गए। येम्मिगनूर के उपमंडल पुलिस अधिकारी एन बरघावी ने बताया कि चारों एक शादी में शामिल होने आए थे और नदी में चले गए जहां वे डूब गए।

## सरकार ने तेल और गैस की कमी को नकारा, संयुक्त सचिव शर्मा बोलीं

# एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा, अफवाहों पर ध्यान न दें, जरूरत के हिसाब से खरीदें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि देश में लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। सभी रिफाइनरी 100 फीसदी क्षमता से काम कर रही हैं। देश में एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें, जितनी जरूरत हो उतना ही खरीदें। वहीं, सरकार ने शुक्रवार को साफ किया है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया है।इधर, पेट्रोल पंपों और एलपीजी एजेंसियों पर लंबी कतारों की खबरों के बीच सरकार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए किसी भी तरह की कमी से इनकार किया है। सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में करीब 60 दिनों का कच्चे तेल का भंडार उपलब्ध है और एक महीने की एलपीजी सप्लाई सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक है और कहीं भी पेट्रोल-डीजल की राशनिंग नहीं हो रही है। सरकारी तेल कंपनियों ने भी सप्लाई सामान्य रहने का दावा किया है। प्राकृतिक गैस का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन जारी है।

सुजाता शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक गैस का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन जारी है, जिसमें घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है, जबकि ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति औसत खपत के लगभग 80 प्रतिशत पर बनाए रखी जा रही है

देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक

**48,000** किली केरोसिन का अतिरिक्त आवंटन किया


संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

### घर बैठे सरेंडर करें सिलेंडर: सचिव

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने पाइपलाइन वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू कर दिया है, वे अब डीलर के पास जाए बिना और केवल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर या एलपीजी आईडी का उपयोग करके घर बैठे ही अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर सकते हैं। मंत्रालय ने पीएनजी उपयोगकर्ताओं के लिए अपने एलपीजी कनेक्शन को ऑनलाइन सरेंडर करना आसान बनाने के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म, 'मायपीएनजी-डी पोर्टल' लॉन्च किया है।

### स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में

रिजिजू ने भरोसा दिलाया कि भारत सरकार पूरी तरह स्थिति पर नियंत्रण में है। अब राज्य सरकारों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सुनिश्चित करें कि कहीं भी गैस, पेट्रोल और डीजल की कमी न हो।

### लॉकडाउन बेबुनियाद

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोविड के दौरान जैसा लॉकडाउन हमने देखा, वैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा। कुछ नेता कह रहे हैं कि लॉकडाउन होगा और फ्यूल की कमी होगी। ये बेबुनियाद बातें हैं।

### केंद्र ने कमर्शियल एलपीजी आवंटन बढ़ाकर 70% किया

केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के आवंटन का कोटा बढ़ाकर कुल मांग का 70 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 50 प्रतिशत था। इससे उन उद्योगों को राहत मिलेगी, जो कि बड़े स्तर पर अपने संचालन के लिए एलपीजी पर निर्भर है। 70% कोटे में इस्पात, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, रंगाई, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि ये अन्य आवश्यक उद्योगों को भी सहयोग प्रदान करते हैं।



### मंत्री रिजिजू का बड़ा बयान

### न लॉकडाउन लगेगा न ईंधन की कमी होगी



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ किया कि देश में किसी भी तरह का लॉकडाउन नहीं लगाया जा रहा है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि वे जमाखोरी रोकें और ईंधन की सप्लाई को सुचारु बनाए रखें। एक्साइज ड्यूटी में कटौती के फैसले को राहत वाला कदम बताया।

### भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता हुई कमजोर: कांग्रेस



कांग्रेस ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि बीते एक दशक में भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 84% से बढ़कर 90% हो गई है, जबकि एलपीजी आयात 46% से बढ़कर 62% तक पहुंच गया है।

क्राइम की श्रेणी से बाहर हुए 'छोटे' अपराध

## लोकसभा में पेश हुआ जन विश्वास विधेयक, कारोबार होगा 'आसान'


लोकसभा की कार्यवाही

79 केंद्रीय कानूनों के कुल 784 प्रावधानों में बदलाव प्रस्तावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। इसका मकसद छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और नियमों आसान बनाना है। इससे कारोबार करना आसान हो सकेगा। विधेयक को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। इसमें चयन समिति की सिफारिशों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद ने कहा कि इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें केवल छोटे अपराधों को ही अपराध की श्रेणी से हटाया जा रहा है।

### विधेयक भ्रष्टाचार को देगा बढ़ावा

कांग्रेस सांसद के. काव्या और जी.के. पडवी ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। पडवी ने सरकार से विधेयक को प्रवर समिति के पास वापस भेजने या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह एक प्रशासनिक चूक है। विधेयक मनमाना है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इस पर पुनः विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रवर समिति की रिपोर्ट में भी विधेयक के प्रावधानों को लेकर असहमति जताई गई है। पडवी ने कहा कि इसमें न्यायिक निगरानी की कमी है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हनन करता है।

### मार्च 2025 में पेश किया गया था विधेयक

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू से पूछा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में विधेयक भेजे जाने के बाद, क्या दोबारा उसे भेजा जा सकता है? रीजीजू ने कहा कि ऐसा आज तक नहीं हुआ और ऐसा नियम में भी नहीं है और उदाहरण भी नहीं है। इस विधेयक को 17 मार्च को चयन समिति की सिफारिशों को शामिल करने के लिए लोकसभा से वापस ले लिया गया था, ताकि इसे फिर से पेश किया जा सके। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 18 मार्च 2025 को यह विधेयक लोकसभा में पेश किया गया, जिसके बाद इसे चयन समिति को भेज दिया गया था। यह प्रक्रिया 2023 के जन विश्वास कानून की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई कानूनों में छोटे अपराधों को खत्म किया गया था।

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री नड्डा ने देश के किसानों को आश्वस्त किया

# देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, घबराने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा कि देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण है और इसे लेकर अफरा-तफरी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार की तरफ से देश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जहां तक उर्वरक का सवाल है तो सरकार ने इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी योजना के तहत क्षमता विस्तार को प्रोत्साहित

## किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराएंगे

भारत के कई देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते

### यूरिया उत्पादन बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन


रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा

उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त भंडारण है और किसानों को जितनी खाद की जरूरत होगी, उपलब्ध कराई जाएगी। जॉर्डन, सऊदी अरब और कई अन्य देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते कर रहे हैं। पिछले 10 साल में यूरिया का उत्पादन 230 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

### हरित अमोनिया पर सरकार का जोर

नड्डा ने कहा कि उर्वरक कंपनियां 59.65 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की संयुक्त वार्षिक क्षमता वाले नए डीएपी/ एनपीके संयंत्रों के साथ-साथ 44.21 एलएमटी की क्षमता वाले फॉस्फोरिक और सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र स्थापित कर रही हैं। 7.24 एलएमटी हरित अमोनिया की खरीद का प्रावधान किया है।

### कुशल उर्वरक उपयोग को बढ़ावा

नड्डा ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) मिट्टी परीक्षण-आधारित संतुलित उर्वरक की सिफारिश करता है। यह केवल नाइट्रोजन पर अत्यधिक निर्भर रहने के बजाए एनपीके उर्वरकों के संतुलित उपयोग की ओर से पूरक है। धीमे-रिलीज उर्वरकों, नीम-कोटेड यूरिया जैसी प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाता है।

### किसानों को जागरूक कर रहे

आईसीएआर किसान प्रशिक्षण, प्रदर्शनों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी लगा हुआ है।

मोबाइल सेवाओं में बीएसएनएल 'बादशाह' बनने की तैयारी कर रहा

# फ्रॉड व स्पैम कॉल पर लगेगा लगाम 'ट्रूकॉलर' जैसी सर्विस होगी लॉन्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में जानकारी दी है कि बीएसएनएल अपने नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 50,000 से 60,000 नए मोबाइल टावर लगाने की योजना बना रही है। वर्तमान में लगभग 1 लाख टावर पहले से ही काम कर रहे हैं जो स्वदेशी तकनीक पर 4जी सिग्नल दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि बीएसएनएल का मौजूदा ढांचा स्वदेशी 4जी स्टैक पर आधारित है, इसलिए इसे 5जी में अपग्रेड करना बहुत आसान होगा।


केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य

### 18 साल बाद मुनाफे की वापसी

18 साल के लंबे इंतजार के बाद कंपनी ने 262 करोड़ का तिमाही लाभ दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023-24 में ऑपरेटिंग प्रॉफिट जो 2,395 करोड़ था, वह 2024-25 में बढ़कर 5,100 करोड़ हो गया है। अगले वित्त वर्ष (2025-26) में कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दो अंकों की विकास दर के साथ बढ़ेगा।

### केवायसी में दर्ज नाम दिखेगा

बीएसएनएल अगले 3 महीनों में कॉलर नेम प्रजेंटेशन सर्विस को कमर्शियल तौर पर लॉन्च करने जा रहा है। इसमें फोन आने पर कॉलर का वही नाम दिखाई देगा जो उसके केवायसी रिकॉर्ड में दर्ज है। इससे फ्रॉड कॉल और स्पैम कॉल पर लगाम लगेगी। यह सर्विस मोबाइल पर डिफॉल्ट रूप से एक्टिव रहेगी।



आईआरजीसी ने अमेरिका व इजराइल के सहयोगी जहाजों को कड़े जवाब की धमकी दी

# दुश्मन देशों के जहाज को नहीं गुजरने देंगे आईआरजीसी ने बंद कर दिया 'होर्मुज स्ट्रेट'

*ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें आईआरजीसी ने घोषणा की है कि महत्वपूर्ण जलमार्ग बंद कर दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अब तक की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है। आईआरजीसी ने घोषणा की है कि इस महत्वपूर्ण रणनीतिक जलमार्ग को बंद कर दिया गया है और चेतावनी दी है कि कोई भी जहाज जो यहां से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस धमकी से खाड़ी क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक की सुरक्षा को लेकर नई आशंकाएं पैदा हो गई हैं, जिससे होकर वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस चेतावनी के साथ ही, ईरान ने यह भी कहा कि वह उन देशों से जुड़े जहाजों पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाएगा जो अमेरिका और ईरान का समर्थन करते हैं।

## खतरनाक स्तर पर पहुंचा पश्चिम एशिया का संघर्ष

होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है, जिससे हर दिन लाखों बैरल कच्चा तेल और एलएनजी का ट्रांसपोर्टेशन होता है। इसमें कोई भी लंबे समय तक चलने वाली रुकावट अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ऊर्जा, ऊर्जा बाजारों और एशिया तथा यूरोप के ईंधन-आयात करने वाले देशों में भारी उथल-पुथल मचा सकती है। यह ताजा धमकी पश्चिम एशिया में पहले से ही अस्थिर सुरक्षा स्थिति के बीच आई है, जहां ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच सैन्य टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।



## युद्धरत देशों में सेनाएं हांफी, नई भर्तियां करने की कवायद शुरु

### 10 हजार सैनिकों की भर्ती करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग लगभग एक महीने बाद अब खत्म होने की ओर बढ़ रही है या अभी इसका और विकराल रूप लेना बाकी है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि एक तरफ तो दोनों देश बैकचैनल से शांति वार्ता में लगे हुए हैं लेकिन सामने से दोनों की एक-दूसरे पर जुबानी जंग जारी है। इतना ही नहीं खबर यह है कि दोनों देश अपनी सैन्य तैयारियों को तेज करने में लगे हैं, ग्राउंड पर आमने-सामने की जंग के लिए सैनिक उतारने की तैयारी में हैं। अमेरिका जल्द 10 हजार सैनिकों को मिडिल ईस्ट भेज सकता है जबकि ईरान ने इस संदेह में 10 लाख नए फाइटर जमा कर लिए हैं कि कहीं अमेरिका उसकी जमीन पर सेना न उतार दे।

### अमेरिका भेज सकता है 10 हजार सैनिक

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने पर विचार कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पेंटागन (रक्षा विभाग का हेडक्वाटर) की तरफ से यह संभावित तैनाती ट्रंप को ₹अधिक सैन्य विकल्प देने के लिए है, भले ही वह तेहरान के साथ शांति वार्ता पर विचार कर रहे हों। आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार, इस फोर्स में संभवतः पैदल सेना और बख्तरबंद वाहन शामिल होंगे, और यह 5,000 अमेरिकी नौसैनिकों के अलावा होगा जो पहले से ही इस क्षेत्र में तैनात किए जा चुके हैं। इसके अलावा एलीट 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 1500 से 3000 सैनिकों के कुछ दिनों के भीतर मिडिल ईस्ट पहुंचने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि सैनिकों को वास्तव में कहां तैनात किया जाएगा।

### ईरान ने भर्ती कर लिए 10 लाख नए सैनिक

मिडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान में युवा स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) बड़ी संख्या में सेना भर्ती केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, क्योंकि ईरान अमेरिका के साथ संभावित जमीनी युद्ध के लिए 10 लाख से ज्यादा जमीनी लड़ाकों को तैयार कर रहा है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार एक सैन्य स्रोत के हवाले से बताया कि इन बलों को जमा कर लिया गया है और वे युद्ध के लिए तैयार हैं। यह उस समय हो रहा है जब बसीज, इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्‌र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) और सेना द्वारा चलाए जा रहे केंद्रों पर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है।

## खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वैश्विक तेल आपूर्ति पर जबरदस्त असर

**ईरान ने शुरू किया 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 का 83वां चरण**

### इजराइल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश



**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स (आईआरजीसी) ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है। इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजराइल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है।


### इजराइल के अशदोद के तेल डिपो पर सटीक हमले

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिए इजराइल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजराइल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं।*

### ईरान के निशाने पर खाड़ी स्थित अमेरिकी एयरबेस

*वहीं ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है।*

## भारत के नाम शुक्रिया लिखकर ईरान ने इजराइल पर दागी मिसाइलें




**तेहरान/यरूशलेम।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच ईरान ने इजराइल पर अपना 83वां बड़ा मिसाइल हमला किया है। इस हमले ने पूरी दुनिया का ध्यान एक खास वजह से अपनी ओर खींचा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में देखा गया कि ईरानी सैनिकों ने इजराइल पर दागी जाने वाली मिसाइलों पर 'थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया' लिखकर भारत के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। बता दे कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले में लंबी और मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ-साथ घातक ड्रोन्स का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। केवल भारत ही नहीं, ईरान ने मिसाइलों पर स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी जैसे देशों के नाम भी लिखे और जंग के इस दौर में मिले समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। ईरानी सेना के मुताबिक, यह कदम उन देशों और वहां की जनता के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उठाया गया है जिन्होंने इस संघर्ष में ईरान के रुख का समर्थन किया है।

### ईरान ने तीन देशों के जहाजों को खदेड़ा

**नई दिल्ली।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स यानी आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अपने दुश्मनों के लिए बंद घोषित कर दिया है। शुक्रवार सुबह आईआरजीसी ने उन तीन जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया, जो इस संकरे रास्ते को पार करने की कोशिश कर रहे थे। ईरान का साफ कहना है कि जो भी देश 'यहूदी-अमेरिकी दुश्मनों' का साथ देगा, उसके जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दावा कर रहे थे कि बातचीत का रास्ता खुला है और ईरान नरम पड़ रहा है।

### ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को झूठा साबित किया

दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया था कि ईरान ने सद्भावना दिखाते हुए 10 ऑयल टैंकरों को रास्ता दिया है। उन्होंने इसे बातचीत की मेज पर ईरान की गंभीरता बताया था। लेकिन शुक्रवार को मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार ईरान ने ट्रंप को 'भ्रष्ट राष्ट्रपति' बताते हुए उनके दावों को सफेद झूठ करार दिया।

## खबर संक्षेप

### हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 लोगों की मौत

**हनालेई (अमेरिका)।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे।



### सिंध प्रांत में भूकंप के झटके, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाक के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था।



### वाहन पर आतंकवादी हमला, 3 बच्चों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कबीले के बुजुर्ग नेता के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जब बंदूकधारियों ने कबीले के बुजुर्ग नेता मलिक सरदार वजीर के वाहन पर गोलीबारी कर दी।



दुश्मन देशों की बढ़ेगी टेंशन, भारतीय सेना लंबी दूरी तक पूरी सटीकता के साथ निशाने पर भेद सकेगी

# भारत फिर खरीदेगा रूस से एस-400 डिफेंस सिस्टम, डीएसी ने दी मंजूरी

*रूसी की एस-400 ट्रायम्फ को दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु रक्षा प्रणालियों में एक है। भारत की हवाई सुरक्षा के लिए यह सिस्टम अहम है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपए के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी।

इस बारे में मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली के अलावा ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा एएन32 और आईएल76 परिवहन विमानों के बेड़े को बदलकर मध्यम परिवहन विमानों को शामिल करने से सेवाओं की रणनीतिक, सामरिक और परिचालन हवाई परिवहन आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। साथ ही मंत्रालय ने कहा, "एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी, जबकि ड्रोन जवाबी कार्रवाई के अलावा हवाई अभियानों में मददगार साबित होंगे। इनको खुफिया जानकारी और निगरानी गतिविधियों के लिए भी प्रयोग किया जा सकेगा। बताया गया कि "एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत से विमान का सेवा काल बढ़ेगा और एयरफोर्स की अभियानगत आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।



फाइल फोटो

### इस साल आ जाएंगे दोनों सिस्टम

*रक्षा और सुरक्षा से जुड़े सूत्रों के हवाले से मीडिया को बताया है कि भारत को चौथा सिस्टम मार्च में डिलीवर होना था लेकिन अब यह मई या जून तक आएगा। वहीं पांचवां एस-400 सिस्टम इस साल की आखिरी तिमाही में डिलीवर होगा। कुल पांच सिस्टम में से तीन पाकिस्तान के साथ लगी सीमा पर तैनात किए जाएंगे। इस तैनाती से पाकिस्तान से आने वाले खतरों के खिलाफ हवाई सुरक्षा मजबूत होगी। साल 2018 में 5 अरब डॉलर की डील के तहत भारत ने रूस से पांच एस-400 खरीदने का फैसला लिया था। ऑर्डर किए गए पांच सिस्टम में से तीसरा सिस्टम 2023 की शुरुआत में डिलीवर कर दिया गया था। इसके बाद दो सिस्टम की डिलीवरी रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते टल गई और लगातार इसकी तारीख को आगे बढ़ाया जाता रहा।*

### पांच और एस-400 खरीदेगा भारत

*भारत में रूस से इन पांच सिस्टम के आलावा पांच नए एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का अतिरिक्त ऑर्डर देने पर काम कर रहा है। ये सिस्टम 'प्रोजेक्ट सुदर्शन चक्र' का अहम हिस्सा बनेंगे, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर की थी। ये 10 एयर डिफेंस सिस्टम देश की हवाई सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे*

नेपाल में बालेन युग की शुरुआत

## प्रधानमंत्री शाह को पीएम मोदी ने भेजा बधाई संदेश, कहा- संबंधों को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे

एजेंसी ▶▶ कांठमाडू

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 'बालेन' को शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के आपसी फायदे के लिए भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हैं। बता दे कि रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है। ओली सरकार को एक युवा पीढ़ी के विरोध प्रदर्शन में हटा दिया गया था। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है।



### बालेन शाह ने ली नेपाल के पीएम पद की शपथ

*नेपाल के आम चुनावों में शानदार जीत के बाद बालेंद्र शाह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। रैपर के तौर पर मशहूर हुए और फिर राजनीति में आए 35 साल के बालेन शाह नेपाल के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने हैं। शाह दशकों में पहले ऐसे मधेसी हैं, जो देश का नेतृत्व करेंगे।*

### बालेन का राजनीतिक सफर

*35 वर्षीय राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला है। वह देश में यह पद संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। बालन मधेश क्षेत्र से शीर्ष कार्यकारी पद संभालने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उनका शपथ ग्रहण नेपाल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।*

सावधान! कोरोना ने दी फिर दस्तक

## अमेरिका समेत 22 देशों में फैल रहा नया वैरिएंट सिकाडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना वायरस एक बार फिर से चर्चा में है। हाल ही में, कोविड-19 का एक नया वेरिएंट सामने आया है, जिसका नाम बीए-3.2 है। आम बोलचाल में वैज्ञानिक इसे सिकाडा कह रहे हैं।

यह नया वेरिएंट ओमिक्रॉन के एक बहुत पुराने परिवार (बीए-3) का हिस्सा है, जो 2022 की शुरुआत में लगभग खत्म हो गया था। हालांकि, अब लंबे समय बाद यह वेरिएंट अचानक से फिर वापस आ गया है। इसी वजह से इसे सिकाडा नाम दिया गया है, जो एक कीड़ा होता है, जो सालों तक जमीन के नीचे छिपा रहता है और फिर अचानक भी बाहर आता है।



**कहां से आया नया वेरिएंट?:** इस नए वेरिएंट ने पहली दस्तक साल 2024 के अंत में दक्षिण अफ्रीका में दी थी, लेकिन अब यह वायरस अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में तेजी से फैल रहा है।

**चिंताजनक है सिकाडा?:** वैज्ञानिक इस वायरस को लेकर इसलिए अलर्ट हैं क्योंकि इसने खुद में बहुत ज्यादा बदलाव किए हैं।

## जी-7 की बैठक में इतर पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की

# अब रूबियो जी-7 विदेश मंत्रियों को ईरान जंग के लिए मनाने की कर रहे कोशिश

एजेंसी ▶▶ फ्रांस

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो शुक्रवार को फ्रांस में जी-7 (ग्रुप ऑफ सेवन) के अन्य विदेश मंत्रियों से मुलाकात की है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देशों पर ईरान युद्ध में मदद ना करने पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने नाटो पर नाराजगी जताते हुए कहा, हम नाटो से बहुत निराश हैं, क्योंकि उन्होंने बिल्कुल कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि नाटो देश रूस से अपनी रक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते हैं, लेकिन जब ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की मदद की बारी आई तो वो पीछे हट गए। ट्रंप ने यह भी कहा है कि नाटो देश होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित करने में भी अमेरिका की मदद नहीं कर रहे हैं, जिससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और दाम बढ़ गए हैं।

ईरान से जारी जंग के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने जी-7 के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की




जी-7 की बैठक के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो (बाएं), फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट (मध्य), कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद (दाएं)।

### अभी सामने नहीं आया बयान

*रूबियो के सामने अब जी-7 के बाकी देशों (ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान) को अमेरिका की ईरान नीति पर राजी करना एक बड़ी चुनौती है। लगभग सभी देश इस युद्ध को लेकर संशय में हैं और आपत्ति जता रहे हैं। बैठक स्थल पर पहुंचकर रूबियो ने दूसरे विदेश मंत्रियों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई, लेकिन किसी ने भी कोई बयान नहीं दिया। ट्रंप की कड़ी टिप्पणियों के कुछ घंटे बाद ही रूबियो वॉशिंगटन से फ्रांस के लिए रवाना हुए थे।*

### धमकियों के खिलाफ आगे आएं देश

*रूबियो ने कहा कि जो देश अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करते हैं, उन्हें ईरान की जहाजरानी पर दी जा रही धमकियों के खिलाफ आगे आना चाहिए। रूबियो को उम्मीद है कि चर्चा से कुछ सकारात्मक नतीजे निकलेंगे।*

### ईरान पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक नहीं बना सकता: कूपर

*फ्रांस के रक्षा प्रमुख जनरल फैबियन मैंडन ने कहा है कि अमेरिका ने उन्हें युद्ध शुरू करने की कोई सूचना नहीं दी। उन्होंने कहा, अमेरिका अब पहले जैसा अनुमान लगाने लायक सहयोगी नहीं रहा। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडेफुल ने कहा है कि यूक्रेन के लिए समर्थन अब कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने मध्य पूर्व में स्थिरता लाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने पर भी जोर दिया। ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर ने कहा कि ईरान पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक नहीं बना सकता। उन्हें साझेदारी और कूटनीति की जरूरत है।*

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी अलर्ट

# शहर में 85 दिनों में 14 हजार से ज्यादा पानी के सैंपल की जांच, केवल तीन जगह ई-कोलाई की पुष्टि, प्रभावित क्षेत्रों में अब पानी साफ, लेकिन प्रेशर कम

**पानी की गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की आठ प्रयोगशालाओं में करवाई जा रही है जांच**

**खानूगांव में भू-जल स्त्रोत किया बंद, नई पाइप लाइन बिछाई, अब नर्मदा जल की सप्लाई, वाजपेयी नगर में नेटवर्क सुधारा, आदमपुर में टैंकरों से सप्लाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी में बीते 85 दिनों से रोजाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पानी के सैंपल लेकर जांच करने का सिलसिला चल रहा है। शहर से रोजाना 100 से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं। बीते 85 दिनों में 14 हजार से ज्यादा पानी के सैंपल की जांच करवाई जा चुकी है। इनमें से केवल तीन स्थानों पर पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि से हड़कंप मच गया था।

यह सभी भू-जल स्त्रोत थे, जिन्हें तत्काल बंद करवाया गया। खानूगांव में जिस कुएं से पानी सप्लाई होता था, उसमें ई-कोलाई की पुष्टि होने के बाद बंद करवाकर नई पाइप लाइन बिछाई गई है। जिससे नर्मदा जल सप्लाई हो रहा है। लोगों का कहना है कि पानी तो अब साफ मिल रहा है, लेकिन प्रेशर कम है, जबकि वाजपेयी नगर में पानी की किल्लत या दूषित पानी की समस्या से लोगों ने इंकार किया। बड़ी समस्या आदमपुर छावनी की है, जहां निगम के टैंकरों से जल प्रदाय किया जा रहा है।

## वाजपेयी नगरः लाइनें बदलीं, यहां पानी अब साफ आ रहा


खानूगांव में कुए को जाली से कवर कर दिया गया है।

अलग खबर

ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर में ई-कोलाई की पुष्टि होने के बाद बोरवेल को बंद कर दिया गया। पूरे क्षेत्र में पाइप लाइनें बदली गई हैं। रहवासी रिजवान कुरैशी ने बताया कि जहां लाइनें गंदगी और कचरे के ढेर के नीचे दबी थीं उन्हें हटाया गया है। लीकेज सुधारे गए हैं। अब पानी साफ और पर्याप्त आ रहा है।

**आदमपुरः भूजल प्रदूषित, बोरवेल कराए बंद**

रायसेन रोड से लगे आदमपुर छावनी में भू-जल दूषित है। यहां पूरे क्षेत्र में बोरवेल बंद करवाए जा चुके हैं। क्षेत्र में जगह-जगह दो हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकियां रखवाई गई हैं। जिनमें निगम के टैंकरों से रोजाना पानी भरा जाता है। यह पानी ग्रामीण उपयोग करते हैं। रत्नागिरी में निगम के हाईड्रेंट से टैंकर आदमपुर में पानी पहुंचाते हैं। पूर्व सरपंच सुरेश इंदौलिया का कहना है कि टैंकरों से पानी सप्लाई हो रहा है, पानी की अभी कोई दिक्कत नहीं है।

**पानी सप्लाई का कोई समय निर्धारित नहीं**



अब पानी साफ आ रहा है। पहले एक घंटे पानी की सप्लाई होती थी, अब पंद्रह मिनट कम कर दिए हैं वो भी कम दबाव से आ रहा है। पानी सप्लाई का कोई समय भी निर्धारित नहीं है। इससे दिक्कत हो रही है।

**शरीफ खान, खानूगांव**

### क्या कहते हैं लोग

**दूषित पानी से 'इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन' का खतरा**

अक्सर जब भी दूषित जल का जिक्र होता है, तो हमारा ध्यान सबसे पहले डायरिया या दस्त की ओर जाता है। लेकिन गंदा पानी कई जानलेवा बीमारियों का जोखिम कई गुना बढ़ा देता है। विशेषकर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जहां पाइपलाइनों में लीकेज की समस्या होती है, वहां पानी का रंग भले ही साफ दिखे, लेकिन उसमें मौजूद सूक्ष्म जीव लीवर और आंतों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकते हैं। डिहाइड्रेशन के साथ-साथ इन बीमारियों से होने वाला 'इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन' किडनी फेलियर और तंत्रिका तंत्र की समस्याओं का जोखिम भी कई गुना बढ़ा देता है। पानी की शुद्धता को नजरअंदाज करना जानलेवा है।

**डॉ. धीरज शुक्ला, मेडिसिन विशेषज्ञ**



ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि के बाद कुए को तो पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। नई पाइप लाइन से नर्मदा जल सप्लाई हो रहा है। अब साफ पानी मिल रहा है, लेकिन कम प्रेशर होने के कारण पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है।

**शुभम कुशवाहा, खानूगांव**

---

**श्रमिकों के खातों में संबल योजना के 157 करोड़ अंतरित**

**किसानों को सालभर में 12 हजार की सम्मान निधि दे रहे**

छिंदवाड़ा को दी 500 करोड़ के 105 विकास कार्यों की सौगात

# किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहालीः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। प्रदेश के किसानों को सालभर में 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है।

किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहाली है। इसी ध्येय से किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से आय दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. यादव छिंदवाड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन छिंदवाड़ा में दीप प्रज्वलित कर एवं कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


हितग्राही को योजना राशि का चेक सौंपते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

**मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा जिले को दीं कई सौगातें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 133 करोड़ की लागत के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल जल योजना के कार्य, पुलिस आवास गृह, माध्यमिक विद्यालय भवन और छात्रावास सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के लिए नया भवन बनाए जाने की घोषणा की। डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना की 157 करोड़ की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा को लगभग 500 करोड़ और पांढुर्णा को 350 करोड़ से अधिक की अनुपम सौगात मिली है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पास जामसांवली में श्री हनुमान लोक के लोकार्पण का सौभाग्य मिला। भगवान श्री हनुमान के बिना तो रामराज्य भी अधूरा सा लगता है।

**कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहनः सांसद साहू**

छिंदवाड़ा से भाजपा सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। पांढुर्णा में आज श्री हनुमान लोक का लोकार्पण होने के साथ ही दूसरे चरण के कार्यों की घोषणा की गई है। छिंदवाड़ा के जनजातीय अंचलों के लिए 84 उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए विद्यालय और छात्रावास की भी सौगात मिली है। तामिया-जुन्नारदेव सड़क 2 जिलों को जोड़ रही है। छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट के विकास से क्षेत्र की एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के कल्याण के लिए 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। छिंदवाड़ा कॉर्न (मक्का) सिटी है। छिंदवाड़ा जिले में 350 करोड़ से अधिक लागत के सिर्फ लोकार्पण हुए हैं। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नहीं रखी जाएगी कोई कमीः सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाए। डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। ये घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। डॉ यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर



टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में करें विकसितः मंत्री सारंग


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मंत्री सारंग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने राज्य सहकारी बीज एवं विपणन संघ मर्यादित भोपाल (बीज संघ) के संचालक मंडल की बैठक में बीज उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बीज संघ द्वारा मक्का, नॉन-जीएम कपास एवं सब्जियों के हाइब्रिड बीजों का उत्पादन एवं विपणन किया जाएगा।

किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज बाजार मूल्य की तुलना में लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। सारंग ने कहा कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। सारंग ने बीज संघ के 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सोशल मीडिया, कृषि मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में बताया गया कि बीज प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट एवं कलर सॉर्टेक्स मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रथम चरण में यह कार्य गुना एवं खरगोन में प्रारंभ किया जाएगा, जिसे पैक्स एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तारित किया जाएगा। सारंग ने निर्देश दिए कि किसानों को बीज उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया जाए। जिन किसानों ने बीज उत्पादन में अच्छा कार्य किया है, उनके माध्यम से अन्य किसानों को प्रशिक्षण दिया जाए तथा बीज उत्पादन योजनाएं तैयार की जाएं।

---

पुलिस ने घेराबंदी कर 4 आरोपियों को दबोचा

## 2.20 लाख रुपए की ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांदनी बिहारपुर

सूरजपुर जिले के चांदनी-बिहारपुर थाना क्षेत्र में सोना बेचने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 24 हजार रुपए बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में राजेंद्र यादव, किशोरी लाल यादव, अर्जुन देवांगन और मोहन कुमार उर्फ सोनू शामिल हैं। जानकारी के अनुसार दरीपारा निवासी बालरूप गुप्ता (45) को होली से पहले मोहन कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि कुछ लोग सोना बेच रहे हैं। इसके बाद 6 मार्च को वह आरोपियों से मिला, जहां आरोपियों ने सोने का छोटा सैंपल दिया। इसैंपल की जांच सोनार से कराई गई, जो असली निकला। आरोपियों ने पीतल सोने के बिस्किट के रूप में देकर बालरूप गुप्ता से 2 लाख 20 हजार रुपए ले लिए।

## हादसे पर राजनीति करना कांग्रेस की संवेदनहीन अवसरवादी सोच को करता है उजागरः आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने छिंदवाड़ा बस-ट्रक हादसे पर दुख जताया है। वहीं, उन्होंने घटना को लेकर कांग्रेस के राजनीति करने पर कहा कि जीतू पटवारी, हर घटना पर भ्रम फैलाना और राजनीति करना आपकी पुरानी प्रवृत्ति बन चुकी है। छिंदवाड़ा की यह घटना दो वाहनों के मध्य हुआ एक भीषण सड़क हादसा है, न कि किसी अव्यवस्था का परिणाम। आपदा, दुर्घटना में



भी राजनीति करना कांग्रेस की संवेदनहीन और अवसरवादी सोच को उजागर करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल संज्ञान लेकर घायलों के उपचार व हर संभव सहायता की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। राजनीति से ऊपर उठिए और पीड़ितों के प्रति संवेदना दिखाइए। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने छिंदवाड़ा बस-ट्रक हादसे पर शोक संवेदनाएं जताते हुए सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे सरकारी लापरवाही का परिणाम बताया है। वहीं, घटना की न्यायिक जांच की मांग की है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

हेवू-बीएमएस ने कार्यालय में किया शक्ति सम्मान का आयोजन

## महिला को अब जीजाबाई बनने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में जुमड़े भवन महात्मा गांधी चौराहा हेवू बीएमएस कार्यालय में शक्ति सम्मान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में बीएचईएल की उन मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बूते सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी तथा छमाही सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों की श्रेणी में अपना नाम दर्ज करवाया। बीएचईएल में इंजीनियरिंग, उत्पादन, क्वालिटी



इत्यादि विभागों में कार्य कर रही अनेक मातृ शक्तियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी, मेघा दुबे, आभा पांडे ने कहा कि प्रत्येक महिला को अब जीजाबाई बनने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि जीजाबाई नहीं होगी तो शिवाजी कहां से जन्म लेंगे? विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे ने उपस्थित मातृ शक्ति को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमएस मेडिकल कमेटी की सदस्य सी राधा ने की। संचालन किरण धामने ने किया। आभार प्रदर्शन प्रेमलता व्यास द्वारा किया गया। सम्मानित महिलाओं में मुख्यतः प्रेमलता व्यास, कविता सोनी, सरिता राजुरकर, पूनम भोय, ओमेश्वरी बिसेन, सुनीता चौहान, नम्रता शर्मा, विजयलक्ष्मी, नीतू सोनी, प्रीति प्रजापति, स्वाति शाक्य, यास्मीन, रखी कासदे, श्वेता कैथल, पिंकी मिश्र, साथी शाह और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

---

## बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में लगी भीषण आग, दुकानें जलकर हुई खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

गिरौदपुरी धाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लगने से 16 अस्थाई दुकानें जलकर खाक हो गईं। हादसे में 3 सिलेंडर ब्लास्ट हुए हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले स्थित गिरौधपुरी धाम में शुक्रवार सुबह 7 बजे एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई।

संत गुरु घासीदास की तपोभूमि माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल के मंदिर परिसर के बाहर लगी झोपड़ीनुमा दुकानों में अचानक आग भड़क उठी, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से 3 सिलेंडरों में ब्लास्ट भी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 7 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मंदिर के बाहर स्थित करीब 16 अस्थाई दुकानें इसकी चपेट में आ गईं और पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। दुकानों में रखे सामान खाद्य सामग्री पूजन सामग्री और अन्य वस्तुएं भी आग में नष्ट हो गईं। इससे दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद लगी आग स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर परिसर के पास लगे एक ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद आग भड़की। बताया जा रहा है कि किसी बंदर की हलचल के कारण तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लगी और तेजी से फैलती चली गई।

## मेटाडोर से खींचकर चोरी की थी कोशिश, यूपी के दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

थाना नंदिनी नगर क्षेत्र में एटीएम मशीन उखाड़कर चोरी करने की कोशिश करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दुर्ग पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी रेकी कर सुनसान स्थानों पर स्थित एटीएम को निशाना बनाते थे। पुलिस के मुताबिक 13 नवंबर 2025 की रात करीब दो बजे ग्राम ननकट्ठी बस स्टैंड के पास स्थित हिताची कंपनी के एटीएम को आरोपियों ने तोड़फोड़ कर उखाड़ने का प्रयास किया। प्रार्थी विनय कुमार (36) की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों ने ग्राम गनियारी से मेटाडोर वाहन चोरी कर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। तकनीकी साक्ष्य और अंतरराज्यीय समन्वय के आधार पर थाना माधवनगर, जिला कटनी (मप्र) के प्रकरण में गिरफ्तार आरीफ उर्फ बाठू और अहसान उर्फ एहसास की संलिप्तता सामने आई। न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, जहां उन्होंने घटना स्वीकार की। आरोपी आरीफ उर्फ बाठू (35) निवासी मेरठ और अहसान उर्फ एहसास (35) निवासी शामली, उत्तरप्रदेश के हैं। इनके खिलाफ थानों में पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**प्रदेश भर में मौसम बदला, कल बारिश होने की संभावना**

## नर्मदापुरम में 41.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा 'दिन का पारा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शुक्रवार से मौसम बदलने की शुरूआत होगी। पहले प्रदेश के उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच आंधी-बारिश का दौर रहेगा।

इससे पहले गुरुवार को नर्मदापुरम में दिन का पारा 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री पर पहुंच गया। इससे यहां तेज गर्मी रही। नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मार्च को सक्रिय होने से 29 से 2 अप्रैल के बीच प्रदेश के अलग अलग जिलों में बारिश, बादल और आंधी का असर रहेगा। शुक्रवार और शनिवार को ज्यादातर जिलों में दिन के तापमान में बढ़त होगी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन के पारे में औसतन डेढ़ डिग्री की बढ़त के साथ औसत दिन का पारा 37 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान नर्मदापुरम में 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 4.6 डिग्री अधिक है। भोपाल में 1.6 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा है।

*आज से उत्तरी हिस्से में तेज हवाओं के साथ कुछ जगह बरसात*

*दो दिन तापमान में बढ़त के बाद बारिश से गिरेगा प्रदेशभर में दिन का तापमान*



**तृतीय राज्य स्तरीय पुस्तक मेला के तीसरे दिन अभिभावकों का दिखा विशेष उत्साह**

## शिक्षा और संस्कारों का संगम है पुस्तक मेला : रत्नेश सोनकर

**जबलपुर।** गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित तृतीय 'पुस्तक मेला 2026' के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा शहर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल के उपाध्यक्ष निवास राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक और शिक्षाविद उपस्थित रहे।




अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रत्नेश सोनकर ने जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के विजन और कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि सोनी ने जब इस पुस्तक मेले की परिकल्पना की थी, तब उनका उद्देश्य सभी शैक्षणिक सामग्रियों को एक ही स्थान पर सुलभ कराना था। सोनकर ने रेखांकित किया कि जब कोई कार्य पवित्र भाव और स्पष्ट विजन के साथ शुरू किया जाता है, तो उसे न केवल समाज बल्कि सरकार भी सहर्ष स्वीकार करती है। यही कारण है कि जबलपुर की इस प्रभावी कार्यपद्धति को अब पूरे मध्य प्रदेश में अपनाया जा रहा है और शासन व प्रशासन इसे निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विशिष्ट अतिथि निवास राव के प्रेरणादायी उद्बोधन और उनके मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की। सोनकर ने कहा कि वर्ष 2024 से प्रारंभ हुई यह पहल अभिभावकों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को उचित और कम दामों पर उच्च गुणवत्ता वाली कॉपियां व किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह आयोजन अपनी सफलता के साथ लगातार तीसरे वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। मेले में कॉपियों पर 50% तक की भारी छूट और जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित 'बुक बैंक' के प्रति आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है।


### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान

मेले के तीसरे दिन भी स्कूली बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं और ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिला प्रशासन और आयोजक समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि आगामी 5 अप्रैल तक चलने वाले इस ज्ञान के उत्सव में सपरिवार पहुँचकर लाभ उठाएं।

**जज को फोन करने के प्रकरण की सुनवाई 2 अप्रैल को**

## भाजपा विधायक संजय पाठक मामले में सुनवाई टली

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने गुरुवार को विजयराघवगढ़ के भाजपा विधायक संजय पाठक से जुड़ी दो अलग-अलग याचिकाओं पर होने वाली सुनवाई को आगे बढ़ाते हुए इन मामलों पर अगली सुनवाई के लिए अप्रैल माह के शुरुआती सप्ताह की तारीखें निर्धारित की हैं। इसमें एक मामला न्यायमूर्ति से संपर्क करने के प्रयास से जुड़ा है,जिस पर अब 2 अप्रैल को सुनवाई होगी तो वहीं दूसरा प्रकरण गैंगस्टर अब्दुल रज्जाक द्वारा की गई शिकायतों से संबंधित है जिसे अब उच्च न्यायालय 1 अप्रैल को सुनेगा।

यहां उल्लेखनीय है कि कटनी जिले के विजयराघवगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक संजय पाठक द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश के मामले का 1 सितंबर 2025 को स्वयं न्यायाधीश विशाल मिश्रा -ने खुली अदालत में खुलासा करते हुए संबंधित मामले में खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था। इसके बाद विधायक पाठक के इस प्रयास के मामले में कोई ठोस अनुशासनात्मक या कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होने के कारण आशुतोष दीक्षित की ओर से इस प्रकरण को लेकर उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली संयुक्तपीठ के समक्ष गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव और पुनीत श्रोती ने पक्ष रखा जबकि विधायक संजय पाठक की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान विधायक की ओर से याचिका में लगाए गए तथ्यों पर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कीं गईं। न्यायालय ने इन आपत्तियों के अवलोकन और विस्तृत बहस की आवश्यकता को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए 2 अप्रैल की तिथि नियत कर दी।

### अब्दुल रज्जाक की याचिका पर भी सुनवाई बढी

विधायक संजय पाठक के खिलाफ जबलपुर के हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक की ओर से भी एक याचिका दायर की गई है। रज्जाक की ओर से दायर इस याचिका में दावा किया गया है कि विधायक पाठक के राजनीतिक प्रभाव और इशारे पर ही जिला प्रशासन ने उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाइयां की हैं। इस याचिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक अग्रवाल और न्यायाधीश रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की संयुक्तपीठ में सुनवाई होनी थी, जिसे अब 1 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## टीम वर्क के साथ कार्य करने के निर्देश, स्वच्छता में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: निगमायुक्त

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में जबलपुर को देश के शीर्ष शहरों में शामिल करने के लिए नगर निगम, जबलपुर अब पूरी तरह से सक्रिय है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि काम जमीन पर दिखना चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने 'टीम वर्क' पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, जल, लोककर्म, उद्यान और वर्कशॉप जैसे सभी महत्वपूर्ण विभागों को आपसी समन्वय के साथ एक ईकाई के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि शहर की सुंदरता और सफाई एक साझा लक्ष्य है। जब सभी विभाग मिलकर प्रयास करेंगे, तभी हम रैंकिंग में सुधार कर पाएंगे।

### ज़मीनी निरीक्षण पर ज़ोर

निगमायुक्त ने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि फील्ड में उतरकर 'सिटी प्रोफाइल' के कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई से लेकर कचरा संग्रहण और सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था को अपनी आंखों से देखें और जहां भी कमी मिले, उसे तत्काल दुरुस्त कराएं। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि शहर के सभी सार्वजनिक और सामुदायिक प्रसाधन केंद्रों को व्यवस्थित कराएं।

## ब्लैकमेलिंग के आरोपित को नहीं मिली जमानत

**जबलपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन ज्योतिषी की अदालत ने स्मार्ट सिटी अस्पताल संचालक डॉ अमित खरे को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फंसाने के आरोपित रांझी निवासी प्रवीण कुमार दाहायत की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुशील सोनी ने अर्जी का विरोध किया। उन्होंने व आपत्तिकर्ता के वकील ने दलील दी कि आरोपित आदतन अपराधी है। वह पूर्व में भी भोले-भाले लोगों को जाल में फंसा चुका है। आपत्तिकर्ताओं की ओर से कहा गया कि आरोपित फर्जी पत्रकार बनकर अवैध वसूली करता है। खुद को विधि का छात्र भी निरूपित करता है। इस तरह पत्रकारित व वकालत जैसे नोबल प्रोफेशन का दुरुपयोग करता है। उसे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। खुद को समाजसेवी संगठन का संरक्षक बताकर अनुचित गतिविधियों में संलिप्त रहता है। ब्लैकमेल कर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देता है। अदालत ने तर्क सुनने के बाद जमानत से इनकार कर दिया।

## आरती करते समय धक्का लगने पर 2 युवकों से मारपीट

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत बड़ी खेरमाई मंदिर में आरती करते समय धक्का लगने की बात पर तीन बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर कड़े से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी खेरमाई, जैन मंदिर निवासी 18 वर्षीय दिशांत वंशकार गत शाम लगभग 7.30 बजे अपने पड़ोसी 17 वर्षीय प्रिंस वंशकार के साथ बड़ी खेरमाई मंदिर में आरती करने गया था, जहां पर प्रिंस का धक्का चेलू प्रजापति को लग गया था इसी बात चेलू अपने साथी साहिल प्रजापति और सिब्बू उर्फ शिवम प्रजापति के साथ मिलकर प्रिंस के साथ गालीगलौज की और साहिल ने प्रिंस के सिर पर हाथ में पहने हुए कड़े से हमला कर घायल कर दिया। दिशांत वंशकार ने बीच बचाव किया तो शिब्बू उर्फ शिवम एवं चेलू ने उसके भी मरपीट कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(2) (व्हीए), 3(1)द, 3(1)ध एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत व्हीकल मड़ई में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्हीकल मड़ई निवासी 40 वर्षीय करन सिंह ठाकुर ने गत रात लगभग 8 बजे किचिन में पंखे के हुक से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के छोटे भाई कंधी सिंह ठाकुर ने करन सिंह ठाकुर को रांझी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टर ने चैक कर करन सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



**नर्मदा तट गौरीघाट और तिलवाराघाट से होगी प्रशासन की विशेष पहल**

## भिक्षुक मुक्त जबलपुर की ओर बढ़ते कदम

**जबलपुर।** संस्कारधानी को 'भिक्षुक मुक्त' बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी कार्ययोजना को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। इस अभियान के प्रथम चरण में आस्था के प्रमुख केंद्र गौरीघाट और तिलवाराघाट को भिक्षुक मुक्त क्षेत्र बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रारंभिक सर्वे सूची तैयार कर ली गई है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं गौरीघाट एवं तिलवाराघाट क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को भिक्षुक पुनर्वास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मानवीय दृष्टिकोण का पालन निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल क्षेत्र को खाली कराना नहीं, बल्कि भिक्षुकों का उचित पुनर्वास करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिह्नित भिक्षुकों को शासकीय आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जाए।

**सुंदरकांड पाठ से श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरु**

## नारद मोह की लीला ने बांधा समां

**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालिपुरम् के तत्वावधान में आयोजित 36वें श्री राम जन्मोत्सव का प्रथम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांय 5:00 बजे बघेली रामायण मंडल के पंडित सुरेश तिवारी, शिवेंद्र शुक्ला, सुखलेश पाठक, अनिल दुबे, केशव प्रसाद मिश्रा एवं साथियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ से किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात सांय 7:30 बजे समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राजेंद्र प्यासी,निर्देशक राजेश मिश्रा, मंत्री डॉ. भूपेंद्र उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बघेल "दादाभाई" एवं राकेश पाठक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर नारद मोह की लीला का विधिवत शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में पंडित अशोक मनोध्याय ने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्म के पीछे के कारणों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है, और नारद मोह की लीला उसी दिव्य उद्देश्य पर प्रकाश डालती है। लीला में भगवान नारद, विष्णु, लक्ष्मी, कामदेव, शंकर एवं इंद्र की भूमिकाओं में मोती शिवहरे, सृजन शुक्ला, अंबेश उपाध्याय, नमन त्रिपाठी, श्याम मिश्रा एवं नितिन पटेल ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे, नीरज दुबे, हनुमत सिंह रघुवंशी, मुकेश मिश्रा, गनपत कोस्टा, नरेश मिश्रा, एडवोकेट अरुण दीक्षित, हनुमंत सिंह रघुवंशी, राकेश मिश्रा सहित धनवंतरी नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आज 28 मार्च को सांय 7:00 बजे जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज की संत अर्चना, मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सुधीर रंजन दुबे की अध्यक्षता में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा धनवंतरी नगर साईं कॉलोनी गेट से प्रारंभ होकर मडफया पुरवा, पंडा की मड़िया, गढ़ा बाजार होते हुए सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला मैदान में संपन्न होगी।

**विधायक अभिलाष पांडे की महत्वाकांक्षी योजना पर उठे सवाल**

## दीनदयाल फ्लाईओवर- ढाई साल खत्म बजट मिला, लेकिन डीपीआर तक नहीं बनी

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर शहर के बहुप्रतीक्षित दीनदयाल फ्लाईओवर का निर्माण अब भी अधर में लटका हुआ है। स्थिति यह है कि विधायक अभिलाष पांडे के पूरे कार्यकाल के समाप्त होने को है, लेकिन परियोजना की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तक तैयार नहीं हो सकी है। ऐसे में यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह फ्लाईओवर सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित रह जाएगा? राज्य सरकार द्वारा बजट में प्रावधान किए जाने के बावजूद अब तक न तो DPR तैयार हो सकी और न ही निर्माण कार्य शुरू हो पाया है। विभागीय स्तर पर फाइलें घूम रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है।

### अफसरशाही की सुस्ती या राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी?

सूत्रों के मुताबिक, परियोजना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता का अभाव साफ नजर आ रहा है। बार-बार निर्देशों के बावजूद संबंधित अधिकारी ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। विधायक अभिलाष पाण्डेय ने प्रदेश सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में ही दीनदयाल फ्लाइओवर की मांग को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से घोषणा करवाई थी।

### ट्रैफिक जाम से जूझता शहर, राहत अब भी दूर

दीनदयाल क्षेत्र में रोजाना भारी ट्रैफिक दबाव रहता है। फ्लाईओवर बनने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन परियोजना की धीमी रफ्तार ने आम जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब आमजन के मन में अनेक सवाल भी लगे हैं की क्या इस पंचवार्षिय में फ्लाई ओवर का काम शुरू हो पायेगा।

### विपक्ष हमलावर, जनता में नाराजगी

विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर सरकार और स्थानीय विधायक पर लगातार हमलावर हैं। उनका कहना है कि यह "विकास" का सिर्फ दिखावा है। वहीं, शहर की जनता भी अब सवाल पूछने लगी है कि आखिर कब तक इंतजार करना होगा?

### सपना या सियासी स्टंट?

दीनदयाल फ्लाईओवर को विधायक अभिलाष पांडे का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया जा रहा था, लेकिन मौजूदा हालात में यह सपना "चूर-चूर" होता नजर आ रहा है। यदि जल्द ही **DPR** और निर्माण प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तो यह मुद्दा आने वाले चुनाव में बड़ा राजनीतिक हथियार बन सकता है।

## भगवान विश्वकर्मा चौक का लोकापर्ण करेंगे उपमुख्यमंत्री

**जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा समाज की मांग पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा भगवान विश्वकर्मा चौक के नामकरण के संबंध की आवश्यक प्रक्रिया की गई। जिसके बाद एमआईसी से सदन में भगवान विश्वकर्मा चौक के नामकरण के प्रस्ताव की सहमति बनी और रानीताल गेट नम्बर 3 के पास वाले चौक को भगवान विश्वकर्मा चौक के नामकरण की स्वीकृति मिली। जिसका लोकापर्ण 29 मार्च को मप्र के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा शाम 5:30 बजे किया जाएगा।

**उपभोक्ता मंच अवमानना याचिका दायर करेगा**

## भगवान भरोसे चल रहा शहर का यातायात

**जबलपुर।** शहर का यातायात अराजक हो चुका है। यातायात पुलिस का अमला चिरनिद्रा में लीन है। भगवान भरोसे पूरी व्यवस्था चल रही है। यातायात पुलिस यदाकदा हेलमेट या सीट बेल्ट के नाम पर जुर्माने की रस्म अदायगी करती नजर आती हैं नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के सदस्यों ने यह मुद्दा उठाते हुए बताया कि उनके द्वारा विगत 8 वर्षों में पुलिस को उपरोक्त समस्या के संदर्भ में 5 से ज्यादा ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं परन्तु कोई भी उचित कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं की गई।

मंच ने कहा है कि इसके पूर्व मप्र हाईकोर्ट द्वारा भी यातायात नियमों के संदर्भ में दिशा निर्देश दिए गए उनका भी पालन नदारद है। लिहाजा अब मंच हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर करेगा।

प्रांतीय संयोजक नागरिक उपभोक्ता मंच के मनीष शर्मा ने बताया कि शहर में तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय ऐसे बाईकों का चलन बढ़ गया है जिसके साइलेंसर जरूरत से ज्यादा आवाज़ कर रहे हैं और उनमें से ऐसी धमाकेदार आवाज़ उत्पन्न की जाती है कि राहगीर डर जाते हैं यह मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों तथा कोलाहल नियंत्रण कानून का खुला उल्लंघन है परंतु पुलिस इनपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है ,वही नाबालिक वाहन चालकों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है।

मनीष शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा 8 वर्ष पूर्व में उच्च न्यायालय में उपरोक्त मुद्दे पर याचिका दायर की थी न्यायालय द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए परन्तु पुलिस प्रशासन द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है।

मंच के प्रफुल्ल सक्सेना, बृजेश चतुर्वेदी, राकेश चक्रवर्ती, अशोक कोस्टा, संतोष वर्मा, मुन्ना राय, जितेंद्र श्रीवास, संतोष मार्को,मयंक राज, अंकित गोस्वामी, गोपाल पाराशर, सेवेंद्र बर्मन, रवेंद्र बर्मन, अनुराग मार्को आदि सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंच अब न्यायालय के दिशा निर्देशों की अनदेखी करने के ख़िलाफ़ अवमानना याचिका दायर करेगा।

# मां नर्मदा के पावन तट पर लगे श्रीराम नाम के जयकारे

## विविध कलाओं की शीतल अभिव्यक्तियों में महसूस हुई आनंददायी अनुभूतियां



**जबलपुर।** श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कलानुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित "आविर्भाव समारोह" का आयोजन आज शाम गौरीघाट, जबलपुर में किया गया। समारोह का शुभारंभ गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक एवं प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, जबलपुर के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में श्री सुमित दुबे, नरसिंहपुर द्वारा बुंदेली गायन, सुश्री नुपूर माहौर, भोपाल द्वारा भरतनाट्यम शैली में श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका एवं अंत में श्री रुद्रकांत ठाकुर, सिवनी द्वारा भक्तिगायन की प्रस्तुति दी गई।प्रस्तुति की शुरुआत श्री सुमित दुबे एवं साथी कला कारों ने पारंपरिक बुंदेली लोकगायन से की। उन्होंने माँ नर्मदा के पावन तट पर जन्मे राम सलोना अवध में... गीत गाकर माहौल को भक्ति रस से भिगो दिया। इसके पश्चात जनम लये रघुरैया अवध में बाजे बथैया..., देवी दुर्गा ने दिए बरदान हमाये घर लाला भये.... राम लला मेरो बारो, नजर कोई इनपे ने डारो..., मोरी कटवा की नाव तेरे जा दूभरे पॉव... और मिल गए राम सफल भई अंखियां... जैसे लोक गीतों के माध्यम प्रस्तुति को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान करते हुए समापन किया।अगली प्रस्तुति सुश्री नुपूर माहौर एवं साथी कलाकारों ने भरतनाट्यम शैली में नृत्य नाटिका "लव-कुश की रामायण' की दी। लव-कुश की रामायण, रामायण का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें भगवान श्रीराम के पुत्र लव और कुश की कथा का वर्णन मिलता है। यह कथा मुख्य रूप से माता सीता के वनवास और उनके पुत्रों के पालन-पोषण से जुड़ी है। वन में महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में माता सीता ने लव और कुश को जन्म दिया। महर्षि वाल्मीकि ने ही दोनों बालकों को शिक्षा दी, शास्त्र, नीति, धनुर्विद्या के साथ-साथ उन्होंने अपनी रची हुई रामायण का ज्ञान भी दिया। रामायण को दोनों ने कंठस्थ कर लिया। उनके गायन में उनके माता-पिता के जीवन का सार था।

नाटिका में राम का जन्म, गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा, सीता स्वयंवर में शिव-धनुष भंग, वनवास और राम-राज्य की स्थापना के दृश्य ताल आदि, राग मलिका में निबद्ध थे।भरतनाट्यम की इस मनमोहक प्रस्तुति के बाद श्री रुद्रकांत ठाकुर एवं साथी कलाकारों ने अपने मधुर गायन से माहौल को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत चलो देख आये री राजा राम की नगरियाँ... गीत गाकर गौरीघाट के निर्मल तट को अयोध्या सा पावन कर दिया। इसके पश्चात भगवा मेरी जान है यारो.... राम कहानी सुनो रे राम कहानी.... तुम्हें बुला ए राजा राम ने हो माँ..., अयोध्या आए मेरे राम..., धर्म सनातन उत्तम है डंके की चोट पर कहता हूँ.... युग श्रीराम का आ गया..., खबर मेरी ले रई हो... राम कथा सुनने आए..., भाव के पर उतरना हारी.... सुनाही हो मैया... लौट भरत घर जा ओ..., हनुमत वीरा रे..., रामा-रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया... जैसे राम भजन सुनाए। कार्यक्रम को विस्तार देते हुए मैया कल-कल बहती हो नर्मदा मैया... मैया नगर कोट जगरानी... जैसी भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

# श्री रामलला प्राकट्य उत्सव पर जयघोष से गूंजा मंदिर

## आदर्श नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में हुआ हवन-पूजन, प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जबलपुर।**

नर्मदा रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर, आदर्श नगर में श्री रामलला प्राकट्य उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह अखंड मानस पाठ की पूर्णाहुति के बाद हवन-पूजन किया गया, वहीं दोपहर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर श्री रामलला के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने आरती कर पूजन किया।

इस अवसर पर आचार्य धीरेंद्र पांडे ने प्रवचन देते हुए श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉलोनीवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक आयोजन के तहत स्वाति मोदी तिवारी एवं इंदिराशा स्कूल के बच्चों ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की। अंत में भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## समर्थ भैया दादा गुरु के गादी कार्यक्रम में अखंड कीर्तन ने समां बांधा

**बरेला।** जगत तारणी मां नर्मदा जी के जल को पीकर परिक्रमा करते हुए हजारों भक्तो के साथ सनातन धर्म की ध्वजा फहरा रहें हैं। आज दशरथ पहलवान और लालजी पहलवान ने ग्राम हिनौतिया में गादी कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें डिंडोरी से नाचते हुए संकीर्तन करने वाले महिला पुरुषों ने अखंड चौबीस घंटे खड़े हो कर कीर्तन किया। समारोह में जबलपुर सहित आसपास के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें शिव यादव, अरविन्द तिवारी, अरूण दुबे, रामजी रैकवार ,रूबी चोकसे, बाला महराज, सुनील पाठक, दादूराम यादव, रैकवार, माधव शर्मा, बसंत तिवारी, पिंटू विश्वकर्मा, ज्ञानी झारिया, सतेन्द्र श्रीपाल, रज्जन श्रीपाल, सुनील, हेमराज श्रीपाल, नीरज, नीलकमल झारिया, राजेश श्रीपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में भंडारा, प्रसाद वितरण किया गया।

## मां शारदा आशीष दरबार से निकली जावारा विसर्जन शोभायात्रा

**जबलपुर।** माँ श्री शारदा आशीष दरबार, शक्ति नगर, जबलपुर में स्थापित कलश ज्वारे विसर्जन की शोभायात्रा 27 मार्च को दरबार प्रांगण से प्रारम्भ हुई । कलश ज्वारे के आगे अखण्ड ज्योति का मुख्य आकर्षण रहा। महिलाए, दरबार प्रांगण से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक गई जावरा कलश लेकर गईं। तत्पश्चात वाहनों से कलश ज्वारे विसर्जन हेतु ग्वारीघाट, नर्मदा तट तक ले जाए गए । कलश ज्वारे के साथ चलने वाली अखण्ड ज्योति भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रही । शोभायात्रा के बाद दरबार में माँ के प्रसाद भण्डारे का आयोजन हुआ। माँ श्री शारदा आशीष दरबार व्यवस्था समिति के मुकेश कुशवाहा , मिलन मुखर्जी ,संजय बरहा, जयंत क्षीर सागर,पं. सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी , संतोष मिश्रा, नीरज पाण्डे ,सरबजीत तग्गड, मनीष शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे, रवि गुजर, कौशलेन्द्र महाजन, के. के. तिवारी, आदि ने बताया की माँ श्री शारदा आशीष दरबार में सभी के मनोरथ पूर्ण होते हैं। दूर-दूर से भक्त अपनी मन्नतें हेतु श्रद्धापूर्वक दरबार में अपनी उपस्थिती लगाने पहुँचते है।

## जय दादा ठनठन पाल फिल्म का विमोचन आज

**बरेला।** नर्मदा खंड के प्रसिद्ध संत परमहंस योगेश्वर श्री श्री 1008 श्री दादा ठनठनपाल जमुनिया वालों के समाधि दिवस की पूर्व संध्या पर साहित्यकार संतोष सरगम द्वारा निर्देशित दादा ठनठनपाल की चमत्कारी लीलाओं पर आधारित जय दादा ठनठनपाल फिल्म का विमोचन सिद्ध पीठ दादा दरबार बस स्टैंड के सामने शाम 7 बजे आज दिन शनिवार को आयोजित किया जा रहा है। विमोचन कार्यक्रम में संत समागम जिसमें शहर के प्रमुख संतों का आगमन होगा। इसके पश्चात भजन संध्या का कार्यक्रम भी शहर की ख्यातिलब्ध भजन गायका सुरभि गुप्ता एंड नम्रता गुप्ता द्वारा किया जावेगा। फिल्म के विमोचन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक पनागर सुशील तिवारी इंदू भैया मुख्य अतिथि, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे विशिष्ट अतिथि एवं व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सतीश साहू सभा अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहेंगे। फिल्म विमोचन समिति, फिल्म निर्माण समिति, बस स्टैंड दादा दरबार समिति एवं समस्त दादा भक्तों ने इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# राम नवमी: खेरमाई माता मंदिर में आस्था का महासंगम, सवा ग्यारह किलो का घंटा अर्पित

## नौ दिनों तक चला भव्य नवरात्रि अनुष्ठान



**हरिभूमि, जबलपुर।** इमलिया स्थित खेरमाई माता मंदिर में इस वर्ष रामनवमी का पर्व अभूतपूर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नवरात्रि के नौ दिनों तक चले विधि-विधान युक्त पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी। प्रतिदिन माता की विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे नौ दिनों तक वातावरण भक्तिरस में सराबोर रहा और मंदिर परिसर में लगातार श्रद्धालुओं का आगमन बना रहा। करीब 100 वर्षों से अधिक समय से विराजमान खेरमाई माता का यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक मिथिलानंदन मुकेश महाराज ने सवा ग्यारह किलो का विशाल घंटा माता के चरणों में अर्पित किया। इस पावन कार्यक्रम में पंडित दिनेश दत्त शुक्ला, धनेश शुक्ला, लखन शुक्ला, राजेश शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, अरविंद शुक्ला, अशोक शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, सचिन शुक्ला, रोहित शुक्ला, अनुज शुक्ला, शिवांक शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से माता की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।



## बेला में सम्राट अशोक की जयंती मनाई

**सिहोरा।** ग्राम बेला गोसलपुर में अखिल भारतीय ओबीसी महासभा,एससी एसटी सयुक्त मोर्चा एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महान शक्ति वीर योद्धा सम्राट अशोक की जयंती मनाई। तथा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एड़ इंद्रकुमार पटेल प्रदेश अध्यक्ष,जिला पंचायत सदस्य प्रदेश सचिव नोखेलाल प्रजापति, राष्ट्रीय महासचिव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, जितेन्द्र कुमार कुर्मी जिलाध्यक्ष,दिलीप काछी, ,राजेश यादव,लखन पटेल,इमरतलाल नुनिया, कैलाश पटेल,विनोद पटेल,प्रदीप पटेल,बर्जेश काछी,संतकुमार पटेल,संदीप पटैल,गोकुल पटैल, नीरज पटेल,राजेश पटैल,ओमकार काछी, देवकरण काछी,इनायत ख़ान,सुनील पटेल,मुकेश बर्मन,राकेश बर्मन,रामकेश चौधरी,हल्लू गोटिया आदि उपस्थित थे।

# महावीर जन्मकल्याणक पर गौ माता पूजन, पंचदिवसीय आयोजन शुरू

## जैन नवयुवक सभा द्वारा दयोदय गौशाला में हुआ धार्मिक कार्यक्रम

**जबलपुर।**



भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में जैन नवयुवक सभा के तत्वावधान में पंचदिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। पहले दिन दयोदय पशु संवर्धन पर्यावरण केंद्र स्थित दयोदय तीर्थ गौशाला में गौ माता का पूजन एवं गौ-ग्रास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस आयोजन में अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा की सहभागिता रही। उपस्थित सदस्यों ने गौ माता को गुड़, चना, रोटी, ककड़ी एवं टमाटर खिलाकर सेवा की। कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष नितिन बेटिया, प्रधानमंत्री शुभम चिल्लर, कोषाध्यक्ष भावेश जैन, उपाध्यक्ष मयंक जैन, अर्पित जैन, मंत्री पवित्र जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। महिला परिषद की ओर से संध्या शांत, मीना बड़कुल, संजना जैन, अनुप्रिया जैन सहित कई सदस्य मौजूद रहीं। पंचदिवसीय कार्यक्रम के तहत 28 मार्च को पिसनहारी तीर्थ पर दीपोत्सव तथा 30 मार्च को शासनोदय तीर्थ हनुमानताल से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर बड़े फुहारे पर संपन्न होगी।



## परौहा बने आर्यवृत पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष

**सिहोरा।** आर्यवृत पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्निहोत्री,सचिव कमल सिंह सोलंकी,महासचिव राकेश सिंह चौहान एंव मध्यप्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष विजय निमा ने सक्रिय पत्रकार अमित परौहा को आर्यवृत पत्रकार संघ जबलपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। परौहा की नियुक्ति पर जबलपुर, पनागर, सिहोरा,मझौली सहित ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों साथियों समाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।



## शारदा देवी मंदिर बरेला में 51 किलो सामग्री से हुआ हवन

**बरेला।** शारदा देवी मंदिर बरेला में नव रात्रि की अष्टमी को माता रानी को 51 किलो से निर्मित हवन सामग्री से पूर्ण आहुति दी गई जिसमें पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के अनुज लेखराज सिंह मुन्ना भैया, तनिष्क सिंह, श्रीमती माला सिंह , श्रीमती सुजाता सिंह पूरा परिवार, एवं जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी , नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज , मंदिर व्यवस्थापक पंडित आशीष शुक्ला, पंडित अभय शुक्ला, प्रसन्न्य उपाध्याय, अरविन्द तिवारी पूरा शुक्ला परिवार एवं बड़ी संख्या में मातारानी के भक्तों ने सुख समृद्धि उत्तम स्वास्थ्य क्षेत्र की समृद्धि की मनोकामनाओं के साथ आहुतियां दी।

**श्री अमरजीत सिंह रील-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अमरजीत सिंह रील का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दीपिका सजवाण-** मानेगांव बुद्धू काछी का बाड़ा रांझी निवासी श्री वीरेंद्र सिंह सजवाण की धर्मपत्नी श्रीमती दीपिका सजवाण (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज कश्यप-** फूटाताल ढ़ीमर मोहल्ला निवासी श्री गुड्डा कश्यप के पुत्र श्री मनोज कश्यप (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती चंदेल-** मानेगांव रांझी निवासी श्री महेंद्र सिंह चंदेल की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती चंदेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नौनी बाई बर्मन-** पीपल मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री रामेश्वर बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती नौनी बाई बर्मन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीना नाहर-** रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री संतलाल नाहर की धर्मपत्नी श्रीमती मीना नाहर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवेंद्र कुमार जैन-** हनुमानताल बड़े जैन मंदिर के पीछे निवासी श्री देवेंद्र कुमार जैन (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रानी बाई बर्मन-** सुहागी पन्नी मोहल्ला निवासी श्री नन्हें लाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती रानी बाई बर्मन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदित्य यादव-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर शक्तिभवन रोड निवासी




श्री संदीप यादव के पुत्र श्री आदित्य यादव (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश कुमार सेन-** साईं कॉलोनी सुहागी निवासी श्री रमेश कुमार सेन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेंद्र विनोदिया- सिद्धबाबा वार्ड चाचा किराना के पास निवासी श्री राजेंद्र विनोदिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संध्या वर्मा-** पंचशील नगर आदर्श नगर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री अशोक वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या वर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा चौधरी-** शंकर चौक बड़ी मढ़ार टेकरी निवासी श्री शिव कुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती तारा चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लल्ला पटेल-** रेतनाका गौरीघाट रोड निवासी श्री लल्ला पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश बंशकार-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा गणेश चौक निवासी श्री राजेश बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संध्या चौरसिया-** उपरैनगंज निवासी श्री रामेश्वर चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या चौरसिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन मोहन गुड्डल-** यादव कॉलोनी निवासी श्री मदन मोहन गुड्डल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर जिनालयों में गूंजे जयकारे

## स्नात्र पूजा के साथ फन फेस्ट में दिखे संस्कृति के रंग



**जबलपुर।** 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तीसरे दिन सभी जिनालयों एवं उपाश्रयों में स्नात्र पूजा एवं सामायिक का आयोजन हुआ, जहां भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसी अवसर पर जैन सोशल ग्रुप यूनिक द्वारा गुजराती मंडल भवन में फन फेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कला और संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

फन फेस्ट में अतिथि के रूप में स्वाति गोडबोले, डॉ. तनुश्री सिंह, यामिनी अन्नू सिंह एवं कीर्ति अभिलाष पाण्डेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पीयूष जैन, अभिषेक कोठारी, श्रेयांश गोलछा, उर्वशी केनिया, राहुल गोलछा एवं जतिन जैन का योगदान रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र आलिजार, उपाध्यक्ष मुकेश चंद टाटिया, तिलक विनायकिया, सचिव आशीष कोठारी, कोषाध्यक्ष दीपक गोलछा, सहसचिव संतोष पोकरणा एवं सहकोषाध्यक्ष दिनेश बैद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



## हरिहर धाम में नवमी पर हुई श्रीराम माता जानकी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**सिहोरा।** श्रीराम नवमी पर जहां जगह जगह भंडारे के आयोजन के साथ जवारा शोभायात्रा निकाली गई वहीं हरिहर धाम प्रज्ञा बिहार कालोनी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम, माता सीता,लक्ष्मण, हनुमान, मां दुर्गा के साथ भोलेनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। विदित हो इस कालोनी में अभी मंदिर नहीं था और लोगों को पूजा करने दुसरी कालोनी में जाना पड़ता था। समाजसेवी प्रभात कुररिया ने सभी भगवान के मूर्तियां बनवाकर लाये तथा सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा निकाली तथा गुरुवार को विधिवत मुहुर्त के हिसाब से अलग अलग प्रतिमाओं की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा कराई गई एंव शुक्रवार को हवन पूजन कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन कालोनी वासियों के सहयोग से किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पहुंचकर भव्य प्रतिमाओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप



### आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 65,322 करोड़ डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में छह दिन की वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये 65,322 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है।

### ओला इलेक्ट्रिक वाहन 50 हजार रुपए से उपलब्ध



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने 'एंड आईसीई एज' अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को तेजी से बढ़ावा देना है। कंपनी ने बताया कि इस अभियान के तहत वह अपने एस1 एक्स (2 किलोवाट घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट घंटा) मॉडल की शुरुआती कीमत 49,999 रुपये रख रही है। इसके साथ ही पूरे उत्पाद समूह पर 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं।

### ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा: रिलायंस



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा है। रिलायंस ने बयान में ईरान से तेल खरीदने की खबरों को पूरी तरह निराधार और गलत बताया। कंपनी ने कहा कि वह 'ईरान से कच्चे तेल की खरीद से संबंधित हाल के मीडिया रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज करती है।' रिलायंस ने कहा कि कंपनी ने अमेरिका के ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने के बाद से उसने ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीदा है। ये प्रतिबंध ईरान-इजराइल युद्ध के बाद कीमतों पर पड़े दबाव को कम करने के लिए हटाये गए हैं।

### अल्ट्राटेक ने जयप्रकाश के साथ विवाद सुलझाया



**नई दिल्ली।** प्रमुख सीमेंट विनिर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने डल्ला सुपर यूनिट और संबंधित खानों को लेकर जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के साथ मध्यस्थता विवाद का निपटारा कर लिया है। अल्ट्राटेक सीमेंट ने यह जानकारी दी। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थित डल्ला सुपर यूनिट और खानों के लिए एस्क्रो खाते में रखे गए 1,00,000 विमोच्य तरजीही शेयर (सीरीज ए आरपीएस) जिनमें प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,00,000 रुपये था।

### सरकार ने बढ़ाई वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए।

# ईरान वॉर की टीवी, एसी व वाशिंग मशीन पर दोहरी मार, 15 फीसदी तक हुआ महंगा

**युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहें हैं, कच्चे माल की कमी से उत्पादक कंपनियां जूझ रही है**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गैस सिलेंडर की किल्लत से लेकर अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स तक पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहे हैं। दिल्ली में स्थित एशिया की सबसे पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार ओल्ड लाजपत राय मार्केट में जाकर जमीनी हकीकत टटोली। यहां टीवी से लेकर वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर तक के दाम अब अचानक से आसमान छू रहे हैं।

#### आसमान छू रहे इलेक्ट्रोनिक्स की कीमत

नागपाल ने कहा, "यहां इस मार्केट में 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स भी बिक रहे हैं, लेकिन उन प्रोडक्ट्स के रॉ मटेरियल की कमी से अब इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। चाहे वो एलईडी टीवी हो, ऑडियो सिस्टम, वॉशिंग मशीन, फ्रिज या फिर एसी हर चीज पर असर पड़ा है और अभी तो ये सिर्फ शुरुआत है। असली झटका 1 अप्रैल के बाद आएगा आम जनता पर।" नागपाल ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि, "मेरा माल अगर चीन, ताइवान या दुबई में पड़ा है तो उसे लाने का खर्चा पहले 2 लाख रुपए कंटेनर आता था जो अब 3 लाख रुपए में आ रहा है। इसकी प्रभावी लागत सीधे जो सामान आ रहा है उस पर पड़ रही है।



**ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ा :** बाजार के वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्र आडवाणी ने कहा, 'हमारे कंटेनर अब युद्ध क्षेत्र से बड़ी मुश्किल से घूम-घूम कर आ रहे हैं। ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ गया है। पीछे से आने वाला माल महंगा पड़ रहा है। 65 इंच का टीवी जो 28 हजार में बिकता था, अब 32 हजार का हो गया है।

#### 32 इंच टीवी 5700 से बढ़कर 6400 रुपए

इसी मुद्दे पर बात करते हुए एक दुकानदार अरुण तुली ने बताया, "हमारे पास 24 इंच से लेकर 100 इंच तक के टीवी हैं और हर साइज के टीवी के दाम अब बढ़ गए हैं। अभी तो युद्ध का असर और बढ़ेगा। प्लास्टिक के दाने और कॉपर के भाव भी आसमान छू रहे हैं, जिसकी वजह से एयर कंडीशनर तो और भी महंगे हो गए हैं। अगर युद्ध लंबा चला तो अभी 10-15 प्रतिशत की और बढ़ोतरी होने उम्मीद हैं।"

बाजार के अध्यक्ष संजय नागपाल ने बातचीत में साफ कहा कि, "युद्ध के साइड इफेक्ट्स सिर्फ युद्ध में शामिल देशों तक सीमित नहीं रह गए है। हम जैसे तटस्थ देशों पर भी असर पड़ना शुरू हो गया है। हमारी इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में सबसे बड़ी जरूरत चिपसेट की होती है, जो अभी भी इंपोर्ट होती है। लेकिन इस युद्ध के चलते एयर और सी शिपमेंट दोनों होल्ड पर हो चुके हैं। यहां फैक्टरियां कच्चे माल की किल्लत से अब जूझ रही हैं।"

## डीजल और एफटीए पर उत्पाद शुल्क से 1,500 करोड़ की होगी आय

# ईंधन शुल्क में बदलाव : सरकारी खजाने पर 15 दिन में 5,500 करोड़ रुपए का बोझ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती और विमान ईंधन (एटीएफ) तथा डीजल के निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में शुद्ध रूप से 5,500 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा।

**सीबीआईसी के चेयरमैन चतुर्वेदी ने बताया**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बताया कि उत्पाद शुल्क में कटौती से करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा, जबकि डीजल तथा एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में 1,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

**पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपए प्रति लीटर होगा**

#### कर 26 मार्च से प्रभावी

उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा। इसमें 1.40 रुपये मूल उत्पाद शुल्क, तीन रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, 2.50 रुपये कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर और पांच रुपये सड़क अवसंरचना उपकर शामिल है। डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 26 मार्च से प्रभावी रूप से क्रमश: 21.5 रुपये प्रति लीटर और 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। इन दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाएगी।





#### घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना

चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क लगाने का उद्देश्य '' डीजल व एटीएफ की घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।''

#### अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में तेज उछाल

किसी भी (राजस्व) प्रभाव का आकलन देश में आने वाली वस्तुओं की वास्तविक आपूर्ति को ध्यान में रखकर ही करना होगा। पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क में यह कटौती अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल के कारण तेल कंपनियों को हुए रिकॉर्ड नुकसान के बाद की गई है।

#### उद्देश्य आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़े

चेयरमैन ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की कम वसूली (अंडर-रिकवरी) को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़ें। चतुर्वेदी ने कहा, स्थिति गतिशील है।

#### कच्चे तेल की कीमत इस माह 50 फीसदी बढ़ी

पेट्रोल और डीजल बनाने के कच्चे माल कच्चे तेल की कीमत इस महीने लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले तथा तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई से वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है। तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने के बावजूद पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

#### तेल कंपनियों का रिकॉर्ड नुकसान हुआ

इससे तेल कंपनियों को रिकॉर्ड नुकसान हुआ, जिसका असर उनके कार्यशील पूंजी पर भी पड़ने लगा था। इस महीने की शुरुआत में ईरान युद्ध के तेज होने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा

## समाप्त सप्ताह में भंडार घटकर 698.346 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां



2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया।

#### आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार बढ़ा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.63 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार इस दौरान 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.83 अरब डॉलर हो गया।

**कंपनी इन टावरों को जोड़कर मजबूत नेटवर्क तैयार करेगी**


# बीएसएनएल 50,000-60,000 नए मोबाइल टावर लगाएगी: सिंधिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अगले वित्त वर्ष में 50,000 से 60,000 और मोबाइल टावर जोड़कर मजबूत नेटवर्क तैयार करेगी।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कंपनी का परिचालन लाभ चालू वित्त वर्ष में दहाई अंक में बढ़ने की उम्मीद है। सिंधिया ने बताया कि बीएसएनएल ने 4जी नेटवर्क बनाने में एक साल में अब तक का सबसे बड़ा पूंजीगत निवेश 20,000 करोड़ रुपये का किया है, जिसे जल्द ही 5जी नेटवर्क में अद्यतन किया जाएगा।

सिंधिया ने ''टाइम्स नाउ समिट'' में कहा, /"आज बीएसएनएल के एक लाख टावर काम कर रहे हैं, जो हमारी स्वदेशी और आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी से सिग्नल भेज रहे हैं। इसी आधार पर अब हम नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। कुल 98,000 टावर लगभग तैयार हो चुके हैं। हम इसे 50,000 से 60,000 और टावर जोड़कर और मजबूत बनाना चाहते हैं, ताकि नेटवर्क पूरी तरह से टिकाऊ रहे और फिर इसे बहुत तेजी से 5जी में बदला जा सके।/"



**कंपनी का परिचालन लाभ दहाई अंक में बढ़ने की उम्मीद**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 5जी नेटवर्क में बदलाव उतना कठिन नहीं होगा क्योंकि बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह से आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी पर आधारित है। केवल कुछ अतिरिक्त मोबाइल टावर की आवश्यकता होगी, जिन्हें केंद्रीय नेटवर्क सॉफ्टवेयर के माध्यम से अपडेट किया जा सकेगा। सिंधिया ने कहा कि जून, 2024 में बीएसएनएल के 8.55 करोड़ ग्राहक थे, जो अब बढ़कर 9.27 करोड़ हो गए हैं।

#### 18 साल के बाद बीएसएनएल ने 262 करोड़ रुपए कमाए

सिंधिया ने यह भी बताया कि बीएसएनएल ने 18 साल के अंतराल के बाद तिमाही लाभ के रूप में 262 करोड़ रुपये कमाए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, /"कर पूर्व आय के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 में हमारा परिचालन मार्जिन लगभग 2,395 करोड़ रुपये था। वित्त 2024-25 में यह बढ़कर 5,100 करोड़ रुपये हो गया। मेरी आशा है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में यह लाभ और भी बढ़कर दो अंक की दर से आगे बढ़ेगा।/"

# श्रमिक संगठन एक अप्रैल को मनाएंगे 'काला दिवस'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर एक अप्रैल 2026 को 'काला दिवस' के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया।

सरकार ने चार श्रम संहिताएं...वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है।

बयान के अनुसार, केंद्रीय

- श्रम सुधारों के खिलाफ करेंगे विरोध प्रदर्शन

श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को 'काला दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है। बयान में कहा गया कि श्रमिक संगठन लगातार इन श्रम संहिताओं का विरोध करते रहे हैं और ''व्यापार सुगमता'' को बढ़ावा देने के नाम पर लाए गए इन कथित श्रमिक विरोधी एवं नियोक्ता समर्थक कानूनों को रद्द करने की मांग करते रहे हैं।

#### श्रम संगठनों से परामर्श नहीं लिया गया

संगठनों ने आरोप लगाया कि इन श्रम संहिताओं के मसौदा तैयार करने के चरण से ही श्रम संगठनों से कोई परामर्श नहीं किया गया और देश के श्रमिक वर्ग के जीवन से जुड़े इतने गंभीर मुद्दे पर चर्चा के लिए कोई भारतीय श्रम सम्मेलन नहीं बुलाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों का उल्लंघन है।

# टेक महिंद्रा का बुनियादी ढांचे के लिए आईआईटी बॉम्बे से करार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टेक महिंद्रा ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने की घोषणा की। इसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी आईआईटी के जिमखाना बिल्डिंग में 'स्मार्ट' बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से 3डी डिजिटल ट्विन बनाएगी।

- कंपनी आईआईटी के जिमखाना बिल्डिंग में स्मार्ट ढांचा तैयार करेगी

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का लक्ष्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के जरिए बुनियादी ढांचे का विकास करना और संस्थान के भीतर नवाचार की गति को तेज करना है। '3डी डिजिटल ट्विन' का मतलब किसी वास्तविक भवन या ढांचे की डिजिटल दुनिया में बनाई गई ऐसी आभासी प्रति से है, जो उसके स्वरूप के साथ-साथ उसकी स्थिति और कामकाज की जानकारी भी देती है। बयान के अनुसार यह प्रणाली परिसर की निगरानी को बेहतर बनाएगी और वास्तविक समय में जानकारी उपलब्ध कराएगी।

# भारत में टैबलेट पीसी बाजार 2025 में दो प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में टैबलेट पीसी बाजार 2025 में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़ा, जिसमें सैमसंग सबसे अधिक बिक्री दर्ज करने वाली कंपनी रही। हालांकि, एप्पल और एसर की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट में यह बात कही गई।

- सैमसंग सबसे अधिक बिक्री दर्ज करने वाली कंपनी रही
- एप्पल और एसर की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई

रिपोर्ट के अनुसार, 30,000 से 40,000 रुपये मूल्य वर्ग में सबसे तेजी से वृद्धि देखी गई, जहां बिक्री लगभग सात गुना बढ़ी। काउंटरपॉइंट की मुख्य विश्लेषक अंशिका जैन ने बताया कि बाजार में प्रीमियम खंड की ओर रुझान साफ दिखाई दे रहा है, जो प्रमुख ब्रांड द्वारा किए गए रणनीतिक उत्पाद नवोन्मेषण से प्रेरित है।

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग की बिक्री में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 2025 में 31 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2024 में यह 27 प्रतिशत थी। सैमसंग ने पहले तीन तिमाहियों में गैलेक्सी टैब ए9 सीरीज और चौथी



तिमाही में ए11 सीरीज के जरिये अपनी स्थिति मजबूत रखी, जबकि गैलेक्सी टैब एस पोर्टफोलियो के माध्यम से प्रीमियम खंड में भी अपनी मौजूदगी बनाए रखी।

रिपोर्ट के मुताबिक, एप्पल 2025 में 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। हालांकि, उसकी बिक्री में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई। आईपैड (2025) 128जीबी वाई-फाई संस्करण ने 30,000–40,000 रुपये मूल्य वर्ग में प्रमुख भूमिका निभाई।

**लेनोवो की 15 फीसदी बाजार हिस्सेदारी :** आईपैड प्रो सीरीज ने ओएलईडी प्रौद्योगिकी के प्रसार को बढ़ावा दिया और उच्च प्रदर्शन वाले टैबलेट खंड में एप्पल की स्थिति मजबूत की। रिपोर्ट के अनुसार, लेनोवो ने 15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी दर्ज की। कंपनी की बिक्री में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। श्याओमी की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत रही और उसकी बिक्री में 74 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

#### एसर की बिक्री में 50 फीसदी की गिरावट

एसर की बिक्री में 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 2025 में 10 प्रतिशत रह गई, जो 2024 में 21 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2025 भारत के टैबलेट विनिर्माण परिदृश्य में महत्वपूर्ण वर्ष रहा। सैमसंग और लेनोवो के नेतृत्व में निर्यात 10 लाख इकाई से अधिक हो गया, मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप के बाजारों की ओर।

**कंपनी में 20 प्रतिशत कर्मचारियों की जा सकती है जॉब**

# नोकिया की भारत में छंटनी के एक और राउंड की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नोकिया भारत में छंटनी के एक और राउंड की तैयारी में है। सूत्रों से पता चला है कि कंपनी का अनुमान है कि वह समय के साथ अपने 74,100 कर्मचारियों की वैश्विक वर्कफोर्स में 20 प्रतिशत तक की कटौती करेगी।

इंडिया यूनिट में भी इसी पैमाने पर जॉब कट होने की संभावना है। बदलावों के तहत समर मित्तल को इंडिया कंट्री बिजनेस लीडर के पद पर प्रमोट किया गया है। अब वह ग्राहकों से जुड़े पूरे पोर्टफोलियो की शुरू से आखिर तक निगरानी करेंगे। विभा मेहरा को इंडिया कंट्री मैनेजर के पद पर प्रमोट किया गया है।

#### नवंबर 2025 में बड़े ढांचागत बदलाव की घोषणा

ये प्रमोशन 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे। इसके साथ ही तरुण छाबड़ा ने इंडिया कंट्री हेड की भूमिका छोड़ दी है। नोकिया के सीईओ जस्टिन हॉटार्ड ने नवंबर 2025 में एक बड़े ढांचागत बदलाव की घोषणा की थी और कहा था कि इसे 2026 से लागू किया जाएगा। इसके तहत कंपनी को दो मुख्य हिस्सों में बांटा जाएगा- नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और मोबाइल इंफ्रास्ट्रक्चर। मुख्य प्राथमिकताओं से बाहर के कारोबारों को संभावित विनिवेश या रिव्यू के लिए अलग से रखा गया है। यह कदम ऑपरेशंस को बेस्ड उभरती मांग के अनुरूप ढलने के प्रयासों का हिस्सा है।

**नोकिया में प्रमोशन 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे**





#### ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने प्रतिबद्ध

एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, नोकिया भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए अपने दो वरिष्ठ अधिकारियों की विशेषज्ञता का लाभ उठाएगी।

#### नोकिया के भारत में 17 हजार से अधिक कर्मचारी

भारत में नोकिया के स्थायी कर्मचारियों की संख्या में थोड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्ष 2024 में इन कर्मचारियों की संख्या 17,270 थी। वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 17,708 हो गई। वहीं, वर्ष 2023 में कर्मचारियों की यह संख्या कहीं अधिक 18,200 थी। वैश्विक स्तर पर, दिसंबर 2025 की रिपोर्टों से संकेत मिला था कि नोकिया ग्रीस और इटली में 300 और नौकरियों में कटौती का प्रस्ताव दे रही है। यह जर्मनी में हुई 700 और फ्रांस में हुई 427 नौकरियों की कटौती के अलावा है।

#### पुराने हॉरिजोंटल ढांचे पर वापस लौट रही है कंपनी

कंपनी के एक सूत्र ने बताया, 'हालांकि, उस बदलाव से उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले, जिसके चलते अब पुराने हॉरिजोंटल ढांचे पर वापस लौटने का फैसला किया गया है।' सूत्रों के अनुसार, इस ताजा रीस्ट्रक्चरिंग (पुनर्गठन) के चलते नौकरियों में कटौती होने का अनुमान है। खासकर इसलिए क्योंकि 2023 के बड़े बदलाव के बाद जो नई भूमिकाएं बनाई गई थीं, उन्हें नई रणनीति के तहत खत्म किया जा सकता है।

## चिंतन

# परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



मुद्दा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

> दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे ज़िंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? जिंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।



इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।


जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

(लेखक सीयूपी बठिंडा में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## संसाधन

बलकार सिंह पूनिया



# ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्त्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्त्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

आज समय की मांग है कि "गांवों की ओर लौटने" की अवधारणा को केवल भावनात्मक अपील न समझा जाए, बल्कि इसे एक व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति के रूप में अपनाया जाए। क्योंकि एक आत्मनिर्भर, संतुलित और संकट-प्रतिरोधी भारत का निर्माण तभी संभव है, जब गांवों की शक्ति, उनकी आत्मनिर्भरता और उनके संसाधन-आधारित जीवन मॉडल को विकास की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

(लेखक इग्नू नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्व में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्व पर ले गया। युद्व लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्व के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बातचीत से सुलझाएं अमेरिका-ईरान युद्ध


अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

- **रमन नासा**, हिसार

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे। ऐसा इतिहास में पहली बार होगा और यह राष्ट्रपति के नेतृत्व एवं हमारे महान राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस महीने की शुरुआत में, एक संघीय कला आयोग ने अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। बेसेंट ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, हम अभूतपूर्व आर्थिक विकास, डॉलर के स्थायी प्रभुत्व और राजकोषीय मजबूती एवं स्थिरता की राह पर हैं।



## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आप एक एथलीट हैं तब भी हमेशा 'आइस बाथ' नहीं लेना चाहिए।



## ट्रेंड

### नोएडा हवाई अड्डा



28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कांग्रेस की भावना



कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका संस्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

- **धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री**

### सरकार की नाकामी



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपोगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### आमजन को राहत



वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां सरकार ने करों में कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# तमिलनाडु में भाजपा को बड़ा झटका, सीट बंटवारे से अन्नामलाई हुए नाराज, नहीं लड़ेंगे विस चुनाव?

तमिलनाडु

*तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को है। वोटों की गिनती 4 मई को होगी, इसके पहले यहां बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। तमिलनाडु बीजेपी के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार तमिलनाडु बीजेपी के नेता के. अन्नामलाई ने चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के बीच सीट-बंटवारे के तौर तरीकों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी आलाकमान को चिट्ठी लिखी है।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

सूत्रों ने आगे बताया कि अन्नामलाई ने पार्टी नेतृत्व को सूचित कर दिया है कि वे तमिलनाडु चुनाव नहीं लड़ेंगे। अन्नामलाई कुछ चुनिंदा सीटों को एआईएडीएमके को दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। वह इस बात से नाराज हैं कि एआईएडीएमके ने उन सीटों को भाजपा को नहीं दिया जिन्हें भाजपा के लिए जीत के लिहाज से आसान माना जा रहा था। इसमें किनाथुकडावु सीट भी शामिल है। यह असंतोष पार्टी कार्यकर्ताओं तक भी पहुंच गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को किनाथुकडावु में विरोध प्रदर्शन किया और सीटों के बंटवारे की व्यवस्था पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

आलाकमान को लिखी है चिट्ठी, जताई नाराजगी

पसंदीदा सीटें एआईएडीएमके को देने से हैं नाखुश



### यह है सीट शेयरिंग

*तमिलनाडु की 234 सीटों में से एआईएडीएमके 169 सीटों पर और भाजपा 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एनडीए गठबंधन के अन्य सहयोगियों को भी सीटें आवंटित की गई हैं, जिसमें पीएमके को 18 और एएमएमके को 11 सीटें मिली हैं।*

### अन्नाद्रमुक ने जारी की दूसरी सूची


तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### कलाम के पूर्व सलाहकार के खिलाफ हुई शिकायत

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय ने बृहस्पतिवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय जाकर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार वी. पोनराज के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ 'आपत्तिजनक' टिप्पणी करने के आरोप में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। विजय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर राजनीतिक आलोचना की आड़ में महिलाओं का अपमान करने वाले 'भाड़े के जुआरियों' को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पोनराज भी एक राजनीतिक समीक्षक हैं।

# शाह करेंगे जारी तृणमूल के खिलाफ भाजपा के आरोपों का संकलन

पश्चिम बंगाल



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरण में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा एवं चार मई को मतगणना होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को तृणमूल कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ भाजपा के आरोपों का संकलन जारी करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। अभियोगनामा नामक इस दस्तावेज में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 15 साल के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार और कुशासन के कथित मामलों का संकलन किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि अभियोगनामा में तृणमूल सरकार की 14 क्षेत्रों में कथित 'विफलताओं' को उजागर किया जाएगा। प्रशासन में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था का चरमराना, महिलाओं की सुरक्षा संबंधी चिंताएं, 'सिंडिकेट राज' का बोलबाला और स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में संकट से संबंधित आरोप अभियोगनामा में प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। भाजपा अभियोगनामा का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस की कथित कमियों को उजागर करने और उसके बाद अपने संकल्प पत्र में विकल्प प्रस्तुत करने की योजना बना रही है, जिसे अप्रैल के पहले सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है। शाह ने पिछले दो महीनों में पश्चिम बंगाल के कई दौरे किए हैं, जिसमें उन्होंने पार्टी के जमीनी नेटवर्क को मजबूत करने और चुनावी रणनीतियों को बेहतर बनाने सहित जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया है।

### भवानीपुर में निर्वाचन अधिकारी पर तृणमूल-भाजपा में घमासान

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा भवानीपुर विधानसभा सीट पर एक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति पर आपत्ति जताये जाने के बाद निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार से तीन अधिकारियों का पैनल गठित करने को कहा है। तृणमूल ने आरोप लगाया कि भवानीपुर विधानसभा सीट पर नियुक्त निर्वाचन अधिकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं। भवानीपुर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का निर्वाचन क्षेत्र है, जहां आगामी चुनाव में शुभेंदु उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इससे पहले नंदीग्राम के बीडीओ सुरजीत रॉय को इस महत्वपूर्ण सीट का निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। तृणमूल ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया था और आरोप लगाया था कि सुरजीत रॉय शुभेंदु के करीबी हैं और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं।

### विज्ञापन को लेकर चुनाव अधिकारी से मारपीट

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक व्यक्ति पर शुक्रवार को कथित तौर पर उस समय हमला किया गया, जब उसने चुनावी ड्यूटी के प्रशिक्षण सत्र के दौरान एक सरकारी विज्ञापन के प्रदर्शन पर आपत्ति जताई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रानाघाट के एक स्कूल में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्र में हुई। कुछ प्रतिभागियों के अनुसार, सत्र शुरू होने से पहले प्रोजेक्टर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जुड़ा एक सरकारी विज्ञापन प्रदर्शित किया गया। चुनाव अधिकारी सैकत चट्टोपाध्याय ने आरोप लगाया कि स्क्रीनिंग का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई।

# पीएम मोदी पर चुप और राहुल पर निशाना साध रहे पिनराई : वेणुगोपाल

केरल

एजेंसी ▶▶| वायनाड (केरल)



कांग्रेस नेता के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन राज्य में राहुल गांधी के प्रभाव से भयभीत हैं और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल रहे। वेणुगोपाल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री पिछले दो दिन से राहुल गांधी लगातार पर हमला कर रहे हैं तो उन्हें (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी के खिलाफ भी कुछ तो कहना चाहिए।' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि विजयन मोदी के खिलाफ इसलिए नहीं बोल रहे हैं क्योंकि उन्होंने केंद्र के साथ पीएम-श्री योजना और श्रम संहिताओं पर समझौते किए हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन समेत अन्य मुख्यमंत्री अपने राज्यों की मांगों को मजबूती से उठा रहे हैं, निधि हासिल कर रहे हैं और विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे हैं लेकिन केरल के मुख्यमंत्री का ध्यान केवल राहुल गांधी को निशाना बनाने पर केंद्रित है।

### भाजपा-माकपा का समझौता होगा फेल : थरूर

**अलप्पुझा (केरल)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को दावा किया कि माकपा और भाजपा के बीच कथित तौर पर हुआ कोई भी समझौता चुनावों में काम नहीं आएगा, क्योंकि कांग्रेस का 'जनता के साथ समझौता' है। कायमकुलम में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा, 'वाम दलों का लक्ष्य सत्ता में बने रहना है। भाजपा का लक्ष्य कांग्रेस को खत्म करना है। इसलिए अगर कोई समझौता होता है, तो वह वाम दलों और भाजपा के बीच ही होगा।' थरूर ने कहा कि वाम दलों को लगता है कि सत्ता विरोधी मतों के बंटवारे से उन्हें (वाम दलों) फायदा होगा। कांग्रेस नेता ने कहा, 'वे जानते हैं कि अगर भाजपा कांग्रेस के मतों में सेंध लगाती है, तो उन्हें लाभ होगा।



# असम में घुसपैठिया और बेरोजगारी का मुद्दा हावी, बन रहे नए समीकरण

असम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी



असम में जोरदार घमासान की तैयारी है। घुसपैठ का मुद्दा यहां बड़ा बनता दिख रहा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा इसे जोरशोर से उठा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस को हिमंत के रुख से खुद का फायदा होता दिख रहा है। कहा जा रहा है कि घुसपैठियों को बाहर करने का मुद्दा भाजपा के पक्ष में असम मूल के लोगों को कर सकता है। डेमोग्राफी बदलने के खतरे का मुद्दा भी भाजपा उठा रही है। कांग्रेस को भाजपा के 15 साल के शासन से उपजी सत्ता विरोधी लहर से जीत मिलने की उम्मीद है। राज्य में भाजपा 126 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 37 सीट पर सहयोगी दल बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और यूपीपीएल लड़ेंगे। भाजपा ने मौजूदा 19 विधायकों टिकट काट दिया है। इनमें राज्य मंत्री नंदिता गारलोसा शामिल हैं। टिकट कटने पर गारलोसा कांग्रेस में चली गई हैं। गारलोसा अब हाफलांग सीट से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा में आ गए हैं। इनमें प्रद्युत बोरदोलोई, भूपेन बोरा, नवज्योति तालुकदार शामिल हैं।

### यह मुद्दे चर्चा में

पिछले चुनावों में ऊपरी असम में भाजपा काफी मजबूत रही है। निचले असम में कांग्रेस और एआईयूडीएफ से मुकाबला होता है। बराक घाटी में स्थिति थोड़ी भिन्न रहती है। हालांकि, इस बार चुनाव परिसीमन के बाद हो रहा है। इसलिए समीकरण बदल गए हैं। जहां तक बात मुद्दों की है तो असम में बेरोजगारी का मुद्दा काफी बड़ा है। लोगों को रोजगार चाहिए। कांग्रेस इस मुद्दे पर जोर दे रही है। असमिया पहचान और अवैध प्रवासन भी बड़े मुद्दों में शामिल है। बाढ़ और पुनर्वास, एनआरसी को लेकर जनता के बीच में चर्चा है। राज्य में राज्य सरकार का कामकाज, प्रशासन और भ्रष्टाचार भी बड़ा मुद्दा है। असम के चाय बगानों की समस्या, श्रमिकों की समस्या, बाल विवाह, बेदखली, गायक जुबिन की मृत्यु का ममला जैसे मुद्दे भी वोटों का समीकरण बनाएंगे, बिगाड़ेंगे।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस के जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम मोदी

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।**



पश्चिम-एशिया संकट के बीच इस वर्ष फ्रांस की अध्यक्षता में 15 से 17 जून तक आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। फ्रांस के दूतावास ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को 'अब्बे डेस वॉक्स-डे-सेर्नें' में जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने भारतीय समकक्ष एस.जयशंकर के साथ बातचीत की है।

### कुमारन होंगे ब्रिटेन में भारत के नए उच्चायुक्त

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी पी.कुमारन को ब्रिटेन में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। जल्द ही वह अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। कुमारन, विक्रम दोराईस्वामी की जगह पर ब्रिटेन में यह दायित्व संभालेंगे। जिन्हें सरकार ने चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। वर्ष 2025 से पी.कुमारन मंत्रालय में सचिव (पूर्व) के पद पर कार्यरत हैं।

### दिल्ली विस को लगातार तीसरे दिन बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 24 से 26 मार्च के बीच मिले तीन ईमेल में विधानसभा में विस्फोट की चेतावनी दी गई, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में बताया कि इस मामले की जानकारी पुलिस आयुक्त को दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने विधानसभा पहुंचकर ईमेल की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# महाराष्ट्र में सामने आया एक और ढोंगी बाबा, महिला से किया रेप

### खुद को बताता है शिव का अवतार

एजेंसी ▶▶| पुणे



महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 35 वर्षीय महिला ने एक स्वयंभू बाबा पर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि नासिक में पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी और स्वयंभू बाबा अशोक खरात की हालिया गिरफ्तारी के बाद पीड़ित महिला ने 40 वर्षीय आरोपी ऋषिकेश वैद्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत जुटाई है। पुलिस ने बताया कि पुणे की रहने वाली महिला सबसे पहले 2023 में फेसबुक के जरिए आरोपी बाबा के संपर्क में आई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने एफआईआर का हवाला देते हुए बताया कि साल 2023 के ही दिसंबर महीने में आरोपी बाबा महिला से मिलने पुणे गया था। आरोपी ने कथित तौर पर महिला को यह कहकर धोखा दिया कि वह महादेव (भगवान शिव) का अवतार है और महिला उसकी 'पार्वती' है।

### पुलिस मामले की जांच कर रही

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि मुख्य अपराध कथित तौर पर पुणे में हुआ था, इसलिए मानिकपुर पुलिस ने बुधवार को एक 'जीरो एफआईआर' दर्ज की और फिर आगे की जांच के लिए मामले को पुणे के हडपसर पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी ने इसी तरह का तरीका अपनाकर कई अन्य महिलाओं को भी बहला-फुसलाकर उनका यौन शोषण किया है। अधिकारी ने आगे बताया कि आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पालघर में सामाजिक संगठन चलाता है आरोपी

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी बाबा ने उसे पुणे के मंजरी इलाके में स्थित एक लॉज में ले जाकर, उसे बेहोश करने वाला पदार्थ खिलाया और फिर उसके साथ रेप किया। इस दौरान, आरोपी ने कथित तौर पर महिला की जानकारी के बिना उसकी तस्वीरें भी खींच लीं। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पालघर जिले में एक सामाजिक संगठन चलाता है। महिला ने बताया कि आरोपी ने उसकी तस्वीरों का इस्तेमाल करके उसे ब्लैकमेल किया। पिछले साल मई महीने में आरोपी ने कथित तौर पर महिला को वसाई के एक होटल में बुलाया और दोबारा उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की।

नेपाल में नए युग की शुरुआत, बालेन शाह ने ली शपथ

# रामनवमी के दिन हुआ राजतिलक 47वें प्रधानमंत्री बने जेन-जी लीडर



एजेंसी ▶▶| काठमांडु

नेपाल की सियासत में युवाओं की एंट्री हो गई है। शुक्रवार को 35 साल के राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के संसदीय दल के नेता बालेन शाह को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। शुक्रवार को दोपहर 12:34 पर उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे नेपाल के इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बन गए हैं। इसके साथ ही वे मधेस प्रांत से देश का नेतृत्व करने वाले पहले प्रधानमंत्री भी हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संविधान के नियमों के तहत बालेन को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शपथ समारोह राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में हुआ, जो काफी खास रहा। इसमें हिंदू और बौद्ध दोनों परंपराओं को मिलाया गया। सात ब्राह्मणों ने शंख बजाए, 108 युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्र पढ़े और 107 लामाओं ने बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया।

नेपाल में नई मंत्रिपरिषद का गठन कर लिया गया है। कुल 14 मंत्रियों को विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें कई वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ महिला मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। मंत्रिपरिषद में दूसरी वरीयता प्राप्त स्वर्णिम वाग्ले को वित्त मंत्रालय, तीसरी वरीयता पर रहे सुधन गुरुङ को गृह मंत्रालय जबकि विदेश मंत्रालय का कार्यभार शिशिर खनाल को दिया गया है।

### इंजीनियरिंग से सत्ता के शीर्ष तक

27 अप्रैल 1990 को जन्मे बालेन पेशे से एक स्ट्रक्चरल इंजीनियर हैं। राजनीति में आने से पहले वे युवाओं के बीच एक लोकप्रिय रैपर के रूप में मशहूर थे, जो अपने गानों के जरिए सिस्टम की कमियों पर निशाना साधते थे। मई 2022 में उन्होंने काठमांडू के मेयर का चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता था। अपने कार्यकाल के दौरान कड़े फैसलों और अतिक्रमण हटाने की मुहिम से उन्होंने 'सुधारक' की छवि बनाई। जनवरी 2026 में प्रधानमंत्री पद की रेस में उतरने के लिए उन्होंने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया था।

### प्रचंड बहुमत और दिग्गज नेताओं की हार

बालेन की 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' (आरएसपी) ने हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 182 सीटों पर क्लीन स्वीप करते हुए दो-तिहाई के करीब बहुमत हासिल किया है। सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब बालेन शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से नेपाल के चार बार के प्रधानमंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के दिग्गज नेता के.पी. शर्मा ओली को भारी अंतर से हरा दिया।

जनगणना को लेकर बड़ा फैसला, सरकार ने दिए निर्देश

# अभद्र सवाल पूछे तो अधिकारी को होगी तीन साल की जेल

*भारत में पहली बार कराई जा रही है डिजिटल जनगणना*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जनगणना 2027 को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र सरकार ने कुछ सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें सबसे बड़ा निर्देश भारतीयों से अभद्र सवाल पूछलने को लेकर है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के लिए आंकड़े कलेक्ट करते समय अगर अधिकारी ने जानबूझकर कोई अभद्र सवाल पूछा तो सजा मिलेगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत 3 साल तक की जेल हो सकती है। इसलिए अधिकारी सावधानी बरतते हुए सवाल पूछें।

### केंद्र सरकार का नया सर्कुलर जारी

भारत के महापंजीयक के अनुसार, भारत में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है, जिसे लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया हुआ है। इसलिए केंद्र के निर्देश पर एक नया सर्कुलर जारी किया गया है, जिसमें जनगणना को लेकर पूछे जाने वाले सवालों को लेकर एक आदेश जारी हुआ है। सरकार ने कहा है कि अगर किसी जनगणना अधिकारी जानबूझकर कोई अपमानजनक या अनुचित सवाल पूछा और वह दोषी पाया गया तो एक्ट के तहत उसे 3 साल की जेल की सजा हो सकती है।




### जुर्माना और सजा दोनों झेलनी होगी

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों को नए आदेश को लेकर नोट भेज दिया है। साथ ही नोट में आदेश का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी है। सरकारी नोट में जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 का जिक्र करते हुए सवाल पूछते समय सावधानी बरतने को कहा गया है। इसमें स्पष्ट है कि गलत सवाल पूछने या गलत जानकारी दर्ज करने पर 1000 रुपये के जुर्माने से लेकर 3 साल की जेल की सजा या जुर्माना-सजा दोनों झेलनी होगी।

### अधिकारयों को यह चेतावनी भी मिली

केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि अधिकारी जनगणना करते समय गलत जानकारी न भरें। परमिशम के बिना किसी की निजी जानकारी किसी से भी शेयर न करेंगे। जो अधिकारी जनगणना कार्य में लापरवाही बरतेंगे, सरकारी आदेशों का उल्लंघन करेंगे या किसी कर्मचारी के काम में बाधा डालेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 16वीं बार हो रही जनगणना

बता दें कि देश में पहली बार डिजिटल और जाति आधारित जनगणना हो रही है। आजादी के बाद 16वीं बार जनगणना हो रही है और इसमें पहली बार जातिगत जनगणना भी कराई जा रही है। जनगणना कराने के लिए 11718 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है।

मंदिर की प्रबंधन समिति का फैसला

# यमुनोत्री में बिना धर्म, जाति पूछे कराए जाएंगे हर श्रद्धालु को दर्शन

एजेंसी ▶▶| उत्तरकाशी

उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में स्थित चार धामों में से एक यमुनोत्री मंदिर की प्रबंधन समिति ने अन्य तीनों धाम से अलग रुख अपनाते हुए 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा के तहत श्रद्धा भाव से आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत करने का निर्णय लिया है और किसी भी श्रद्धालु से उसका धर्म या जाति नहीं पूछी जाएगी। यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने कहा, 'चार धाम यात्रा पर आने वाला हर व्यक्ति सनातनी होता है और हमने निर्णय लिया है कि यमुनोत्री धाम की यात्रा पर जो भी व्यक्ति श्रद्धा से आएगा, उसका अतिथि देवो भवः की परंपरा के साथ स्वागत किया जाएगा।'

### इन मंदिरों ने लगाए हैं प्रतिबंध

इससे पहले बदरीनाथ धाम, केदारनाथ धाम और गंगोत्री धाम में गैर-सनातनियों के सशर्त प्रवेश की अनुमति दी गई है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि कोई गैर-हिंदू यदि सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था का हलफनामा देता है तो उसे मंदिरों में दर्शन की अनुमति दी जाएगी। वहीं, गंगोत्री मंदिर समिति ने घोषणा की है कि गैर-सनातनियों को पंचगव्य (गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी) ग्रहण करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश मिलेगा। इस वर्ष चार धाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से होगी और इसी दिन उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे।

## आकर्षक झांकियों ने शमा बांधा, चहुं ओर राम धुन की रहीं गूंज

# श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकली

जबलपुर।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर शहर में अयोध्या जैसा नजारा दिखाई दिया। शहर के विभिन्न राम मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। देवालयों में जय श्रीराम के जयघोष गूंजे। सारे दिन नगर के राम मंदिरों में राम जन्मोत्सव की गूंज रही। हवन पूजन और भंडारों के आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। शाम को 6 बजे श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में बस स्टेण्ड से श्रीराम की भव्य व आकर्षक शोभायात्रा मनोहारी झांकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में अनेक साधु संत विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुये। रामनवमीं के दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। शोभायात्रा के प्रारंभ में साधू संतों ने शंखनाद किया. इसी के साथ हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया. वहीं आदिशक्ति की उपासना के नौवें दिन सिद्धिदात्री देवी की आराधना व उपासना के उपरांत श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। नवरात्र पर्व की विदाई बेला में शहर में परंपरागत तरीके से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा सनातन चौक (पुराना बस स्टेण्ड) से शाम 6 बजे प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। श्री राम



शोभायात्रा का नेतृत्व नरसिंह दास ने किया।बस स्टेण्ड से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में श्री सनातन धर्म महासभा का बैनर बैंड बाजों के साथ अश्वारोही दल चल रहा था। उसके साथ ही ''श्रीराम, जय श्री राम'' का उद्घोष करते हुये युवाओं की टोली चल रही थी। जुलूस की अग्रिम पंक्ति में स्वामी नरसिंह दास, स्वामी प्यारेनन्द, स्वामी कालीनन्द, स्वामी पगलानन्द, स्वामी चैतन्यानंद महाराज शामिल थे।





### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

श्रीराम नवमी जन्म शोभायात्रा का जगह जगह पर विभिन्न संस्थाओं के द्वारा पुष्प वर्षा जलपान वितरण कर स्वागत किया गया. गंजीपुरा चौराहे पर एमआईसी सदस्य श्रीमति रजनी कैलाश साहू के नेतृत्व में मात्र शक्तियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. भाजपा नेत्री श्रीमति आभा दीपक साहू के नेतृत्व के साहू महिला मंडल द्वारा स्वागत किया गया. बड़े फुहारे पर जमुना प्रसाद अग्रवाल ट्रस्ट की ओर से शरद अग्रवाल डॉ सुधीर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल द्वारा भगवान की आारती उतारी गई और मठा वितरण कर शोभायात्रा में शामिल श्रृध्दालुओं का स्वागत किया गया. शोभायात्रा के विश्राम स्थल गोविंद गंज रामलीला परिसर में विशाल धर्म सभा आयोजन किया गया. जहां गोविंदगंज रामलीला समिती द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस अवसर पर वृंदावन से पधारे स्वामी अरविंद महाराज की संगीतमय रामकथा और भजन का आयोजन किया गया।

### यह रहे उपस्थित

यात्रा में सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, सासंद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, विध्येश भापकर, वासुदेव शास्त्री, डॉ अखिलेश गुमास्ता, संतोष शास्त्री, रोहित दुबे, लोकराम कोरी, विजय सरावगी, अंशुल मलिक, आशीष खुराना, मनीष पोपली, अंजू भार्गव, प्रवेश खेड़ा, गुलशन मखीजा, नीता चावला, डॉ पवन स्थापक, कैलाश साहू, डॉ. सुधीर अग्रवाल, आदि शामिल थे। शोभायात्रा में रामधुन प्रस्तुत करती विभिन्न मंडलियां शामिल थी। शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर मदनमहल की झांकियां भी शामिल थी। राममंदिर द्वारा 12 मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई थीं।



## श्री राम लला का हुआ प्राकट्य, जयकारों से गूंज उठा मंदिर

**जबलपुर।** नर्मदा रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर आदर्श नगर में धूमधाम से श्री रामलला का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। सुबह अखंड मानस पाठ की समाप्ति के बाद हवन एवं पूजन किया गया। उसके बाद दोपहर में प्रभु श्रीराम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरा मंदिर परिसर श्री राम लला के जयकारों से गूंज उठा। लोगों ने आरती उतारी एवं भगवान का पूजन किया। दोपहर में आचार्य धीरेंद्र पांडे ने प्रवचन दिए, उन्होंने भारतीय समाज में श्रीराम के आदर्श कैसे स्थापित हों इसकी व्याख्या की। इस अवसर पर कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। इसके बाद स्वाति मोदी तिवारी एवं इंदिराशा स्कूल के बच्चों द्वारा भरत नाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो उठे। सभी ने भरत नाट्यम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। भंडारे के साथ आयोजन का समापन हुआ, आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया।

## हवन-पूजन व भंडारे के साथ नवरात्र महोत्सव का समापन

**सिद्ध श्री मां दरबार में श्रद्धा और आस्था के साथ हुआ आयोजन**

जबलपुर।


संस्कारधानी में चैत्र नवरात्रि पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सिद्ध श्री मां दरबार में नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव का समापन नवमी के दिन हवन-पूजन, कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ किया गया। दरबार के संचालक पं. अरुण शर्मा के मार्गदर्शन में पिछले 34 वर्षों से यह आयोजन निरंतर हो रहा है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ, मंत्र जाप, पूजन-अभिषेक और आरती का क्रम चलता रहा। पं. अभिषेक शर्मा द्वारा माता का विशेष श्रृंगार किया गया। नवमी पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान पं. आकाश उपाध्याय, पं. भरत दुबे, पं. राजेश दुबे, पं. प्रणव राजोरिया और पं. शिवम दुबे ने विधिवत पूजन कराया। आयोजन की



व्यवस्थाओं में रविंद्र चंडोक, तलविंदर सिंह, ओमी सलूजा, देवेंद्र गोटिया और आशीष शर्मा सहित समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अंत में पं. अरुण शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि की कामना की।

## सदर काली माई मंदिर में महाआरती, कन्या पूजन आयोजित

**जबलपुर।** सदर काली माता मंदिर में माता का दिव्य अलंकृत स्वर्ण श्रृंगार, स्वर्ण जड़ित वस्त्र श्रृंगार कर महाआरती, कन्या पूजन, प्रसाद वितरण किया गया। श्रीनाथ मिश्रा ने बताया कि मां का अलंकार स्वर्ण श्रृंगार किया गया। इस विख्यात मंदिर में दूर-दूर से लोग अपनी मान्यता, पूजन अर्चना के साथ अर्जी लगाते हैं, माता रानी सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। धनुष यज्ञ रामलीला द्वारा महाआरती की गई। राम जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर राम जन्म उत्सव मनाया गया। इसी तरह ग्वारीघाट में भगवान परशुराम का भव्य दीप माला के साथ महाआरती एवं प्रसाद वितरण, कन्या पूजन पंडित राजकुमार दुबे एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवान से प्रार्थना की गई कि संपूर्ण भारत में शांति बनी रहे।



### कबीर पंथी समाज उत्थान समिति ने वृद्धाश्रम व मेडीकल में फल बांटे

जबलपुर। वृद्धाश्रम एवं मेडीकल में कबीर पंथी समाज उत्थान समिति के सदस्यों द्वारा 26 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कबीर पंथी समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र संत, कोषाध्यक्ष कंचन दास, कुलदीप, सचिव युधिष्ठिर सोनवानी, एड. दयादास सोनवानी, शिवनारायण पटेल, महंत अंबिका प्रसाद एवं महंत मुनीम दास, इमरत दास सोनवानी, भगवानदास पनरिया, सोनू राय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।








## शक्ति स्वरूपा लीनेश क्लब ने किया चैत्र नवरात्रि पर कन्या पूजन व भगतों का आयोजन

**जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शक्ति स्वरूपा लीनेश क्लब द्वारा राइट टाउन क्षेत्र में स्थित प्रेम मंदिर में भजन (भगतों) का आयोजन किया गया, साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। क्लब की पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्र के पावन पर्व को देखते हुए परंपरा अनुसार इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। डायरेक्टर रेखा विनोद जैन की विशेष उपस्थिति में इस पुण्य कार्य को अध्यक्ष विनीता सिंह यादव एवं सचिव संगीता त्रिपाठी के सहयोग से संपन्न किया गया। इस अवसर पर क्लब की सभी महिला सदस्य पारंपरिक लाल रंग के परिधान में उपस्थित रहकर धार्मिक कार्य में सहभागी बनीं एवं नन्ही छोटी देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर घर- घर खुशहाली व विश्व में अमन शांति हो की प्रार्थना की गई।संस्था की समस्त लीनेश मातृशक्ति साधना बड़कुल, बबीता माहुले, सुधा जायसवाल, रश्मि मेहता, पूजा झरिया, रानू वैश्य, संगीता जायसवाल, रितु अभिषेक जैन, शुभांगी सिंह यादव, निधि पंकज जैन आदि ने सेवा कार्य में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### महंगी बिजली से मध्यम वर्ग को होगी आर्थिक कठिनाइयां, विरोध प्रदर्शन आज

जबलपुर। एक तरफ पेट्रोल, डीजल तथा कुकिंग गैस की किल्लत तथा बढ़ी मंहगाई से आमजन परेशान है, तो वहीं अनाप-शनाप बिजली के रेट बढ़ाने से मध्यम वर्ग की आर्थिक रूप से कमर तोड़ी जा रही है। सर्वसाधारण उपभोक्ता प्रतिमाह 200 से 250 यूनिट बिजली खपत करता है, लेकिन मंहगी बिजली के कारण इन उपभोक्ताओं को अब अतिरिक्त 100 रुपये प्रतिमाह देना होगा। जन संगठन इस मंहगी बिजली का विरोध करते हुए 28 मार्च को दोपहर 01 बजे घंटाघर के पास आंदोलन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मप्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

## पासी समाज का परिचय सम्मेलन कल

**जबलपुर।** पासी समाज की बैठक सदर में तोताराम बावरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पासी महासंघ जबलपुर द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से सामुदायिक भवन सदर में आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई। नगर अध्यक्ष डॉ. ऋषि बावरिया ने सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि इस कार्यक्रम में विवाह योग्य अपने बच्चों को लेकर आएं और आयोजन को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में इंदौर, छिंदवाड़ा, लखनऊ, नागपुर, कानपुर, मुंबई,



छत्तीसगढ़ से भी सामाजिक बंधु शामिल होंगे। बैठक में अध्यक्ष डॉ. ऋषि बावरिया, तोताराम बावरिया, धनराज बावरिया, बाबूलाल पासी, राजू पासी, धर्मेन्द्र बावरिया, आरके पासी, गंगा बावरिया, जितेन्द्र वर्मा, ओमप्रकाश गुर्जर, मातृशक्ति उर्मिला बावरिया, संगीता पासी, संध्या पासी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भगवान जगन्नाथ स्वामी का श्रीराम रूप में श्रृंगार कर किया विशेष पूजन अर्चन

**जबलपुर।** संस्कारधानी के अति प्राचीन मंदिर श्रीधाम जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में धूमधाम, हर्षोल्लास से हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भव्य रूप से रामनवमी का अमृत पर्व मनाया गया। ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि चैत्र रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री जगदीश मंदिर, गणेश मंदिर लोक न्यास के तत्वावधान में विराट रामनवमी का कार्यक्रम आयोजित किया गया, न्यास द्वारा विगत अनेक वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रीधाम जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में रामनवमी के अवसर पर पंडित देवेंद्र त्रिपाठी द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी का श्रीराम स्वरूप में श्रृंगार किया गया, बलभद्र भैया का श्रृंगार लक्ष्मण भगवान के स्वरूप में पुष्प माला के साथ धनुष-बाण से किया गया है, इसके पश्चात भजन संकीर्तन श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घर से तरह-तरह के पकवान महाभोग प्रसाद, मिठाई मिष्ठान, बनाकर भगवान जगन्नाथ स्वामी को प्रसाद स्वरूप अर्पित कर भगवान जगन्नाथ स्वामी राम स्वरूप की महाआरती की, साथ ही लोक न्यास द्वारा भव्य विराट भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्त प्रेमियों ने भगवान जगन्नाथ स्वामी का प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्रवासियों ने जय जगन्नाथ की गूंज के साथ रामनवमी का कार्यक्रम संपन्न कराया।

इस अवसर पर प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल (अधिवक्ता), न्यासी राजकुमार साहू, तेज कुमार मोड, प्रबंधक मोहित तिवारी, विपिन मिश्रा, लाल अच्युतेंद्र सिंह बघेल, कुमारी शिखा बघेल, पप्पन मिश्रा, अतुल पटेल, नितिन चौबे, राकेश उपाध्याय, सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, दिलीप पुरी गोस्वामी, अमित दुबे, अधिवक्ता सुजीत सिंह रघुवंशी, अधिवक्ता दीपक विश्वकर्मा, डी.के दुबे, अधिवक्ता रत्नेश सोनी आदि उपस्थित रहे।

## मानेगांव में बढ़ते खनन प्रदूषण से बच्चों में टीबी का खतरा!

**ग्रामीणों ने दी हाईवे पर चक्काजाम की चेतावनी**



**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में खड़े ग्रामीण ये सभी मानेगांव निवासी हैं, जो कई सालों से अपनी समस्याओं से ग्रसित होकर आवेदन निवेदन कर परेशान हो चुके हैं, वहीं जानकारी देते हुए विनोद कोल ने बताया कि यह पूरा मामला मानेगांव से जुड़ा है। हमने लगभग एक महीने पहले माइनिंग इंस्पेक्टर ए.के. राय को ज्ञापन सौंपा था। खदान संचालकों ने स्कूल, आंगनबाड़ी, पौधारोपण और गांव की व्यवस्थाओं को लेकर कई वादे किए थे, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ। धूल और प्रदूषण की वजह से हमारे गांव के बच्चे बीमार हो रहे हैं, लोगों को टीबी जैसी बीमारियां हो रही हैं। हमने आज फिर कलेक्टर और माइनिंग विभाग को ज्ञापन दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि 27 तारीख को इस विषय पर एक बैठक में निर्णय करेंगे।

मानेगांव में संचालित खदानों से होने वाले प्रदूषण और वादों की अनदेखी से ग्रामीणों का गुस्सा अब फूटने लगा है। ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य विनोद कोल ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 27 तारीख को होने वाली बैठक में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण नेशनल हाईवे पर जाम करने को मजबूर होंगे। उड़ती धूल के कारण गांव में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं और बुजुर्गों में टीबी जैसी फेफड़ों की बीमारियाँ बढ़ रही हैं। खनन गतिविधियों के चलते गांव में पेयजल की उपलब्धता पर भी बुरा असर पड़ा है। इस अवसर पर खनिज विभाग अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है, वहीं ग्रामवासियों को आज कल के अंदर बैठक कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है।




## मानव अधिकार क्रांति संगठन ने नेत्रहीन कन्या विद्यालय में किया फल-मिष्ठान का वितरण

**जबलपुर।** मानव अधिकार क्रांति संगठन के द्वारा नेत्रहीन कन्या विद्यालय राइट टाउन स्थित विद्यालय में संस्था के 18वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम रखा गया, सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर डॉ. गीता पांडे का स्वागत सम्मान संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत छोटी-छोटी बच्चियों ने जो देख नहीं सकती हैं, उन्होंने सुंदर भक्ति गीत गाकर भक्ति का माहौल बना दिया, तत्पश्चात बच्चों को फल, मिष्ठान एवं गिफ्ट का वितरण किया गया। संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें यशवंत कोस्टा, विनय डेविड, संदीप गौर, कविता नामदेव, आदर्श भाटिया, कल्पना गोडेश्वर, वंदना झारिया, प्रीति रूसिया, कृष्णा गुप्ता, सुनील नामदेव, धर्मेंद्र पांडे, श्याम सोलंकी, अशोक यादव, भरत नामदेव, ऋषि उपाध्याय, नीलम शर्मा, रोशनी कुमरे, राजेश पांडे आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे, आभार प्रदर्शन नीलम शर्मा ने किया।

# रोलिंग मीलों को चाहिए 3000 सिलेंडर, एक भी नहीं मिल रहा, स्थिति गंभीर होने की आशंका

## प्रदेश सरकार से कम से कम 50 फीसदी सिलेंडर दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से स्टील उद्योगों की स्थिति भी लगातार खराब हो रही है। प्रदेश में करीब 150 रोलिंग मीलें हैं, इनको हर माह तीन हजार सिलेंडर लगते हैं, लेकिन आज की स्थिति में इनको एक भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जिनके पास पुराना स्टॉक था, वह समाप्त हो गया है, ब्लैक में सिलेंडर लेकर भी काम चलाया गया, लेकिन अब इसका मिलना भी बंद हो गया है। इसका जो विकल्प है, ऑक्सीजन के साथ डीए गैस मिलाकर काम चलाने के लिए, उसकी कीमत जहां बहुत ज्यादा है, वहीं यह अपने राज्य में मिलता भी नहीं है।

देश के साथ प्रदेश में भी एलपीजी गैस की कमी के कारण उद्योगों को भी कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। एक सप्ताह पहले तक तो कुछ सिलेंडर मिल रहे थे, लेकिन अब मिल ही नहीं रहे हैं। ऐसे में स्थिति खराब हो रही है। पहले ही सिलेंडर की कमी के कारण 30 फीसदी तक उत्पादन प्रभावित हो गया है। अगर एक सप्ताह के अंदर सिलेंडर मिलना प्रारंभ नहीं हुआ तो 30 फीसदी उत्पादन और प्रभावित हो जाएगा।

### विकल्प बड़ा महंगा

कारोबारियों के मुताबिक ऐसा नहीं है कि कटिंग के लिए कोई विकल्प नहीं है। ऑक्सीजन गैस के साथ डीए गैस को मिलाकर कटिंग हो सकती है, लेकिन इसके दाम बहुत ज्यादा है। एलपीजी गैस के दाम 22 सौ रुपए हैं तो विकल्प वाले गैस के दाम ढाई गुना यानी ज्यादा करीब छह हजार रुपए हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्रदेश में ऑक्सीजन गैस का उत्पादन तो होता है, लेकिन इसके साथ मिलाकर जो गैस बनती है, उसका उत्पादन यहां नहीं होता है।

### कटिंग का काम होता है

रोलिंग मील कारोबारियों के मुताबिक रोलिंग मीलों में गैस सिलेंडर का उपयोग कटिंग के काम के लिए होता है। कच्चे माल की कटिंग गैस से ही की जाती है। सिलेंडर न मिलने के कारण कटिंग का काम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उत्पादन लगातार कम हो रहा है।



### ब्लैक में भी नहीं मिल रहा

कमर्शियल गैस का ब्लैक में मिलना भी अब बंद हो गया है। पहले तो यह चार से पांच हजार में मिल रहा था, लेकिन इसको बेचने वालों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। अब कहीं भी ब्लैक में भी सिलेंडर न मिलने के कारण स्टील उद्योगों में परेशानी बढ़ गई है।

### मांग रखेंगे

रायपुर के कलेक्टर को एक डाटा बनाकर सोमवार को देंगे कि किस उद्योग में कितने सिलेंडरों की जरूरत है। हमारे रोलिंग मीलों में ही तीन हजार सिलेंडर लगते हैं। इसका 50 फीसदी कम से कम देने की मांग रखेंगे, ताकि कुछ उत्पादन हो सके।

- संजय त्रिपाठी
अध्यक्ष, रोलिंग मील एसोसिएशन

---

## समर्पित नक्सलियों ने कहा- ट्रेनिंग के बाद गांव जाकर करेंगे खेती-किसानी

# पुनर्वास नीति का उद्देश्य सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना : गृहमंत्री

### हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को दंतेवाड़ा के पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर पुनर्वासित युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को इलेक्ट्रिकल टूल एवं वेलकम किट का वितरण किया। पुनर्वास केंद्र में सरेंडर नक्सलियों से हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी संवाद किया।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने नवरात्रि के अंतिम दिन दंतेवाड़ा पहुंचकर मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से चर्चा की और उनकी आवश्यकताओं एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। युवाओं ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद वे अपने गृह ग्राम लौटकर खेती-किसानी करना चाहते हैं। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे युवाओं को कृषि संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पुनर्वास नीति का उद्देश्य मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं से अपने अन्य साथियों को भी पुनर्वास के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर उज्ज्वल भविष्य बना सकें। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। युवाओं द्वारा स्वयं भोजन बनाने की इच्छा जताने पर उन्होंने अनुमति प्रदान करते हुए कहा कि इच्छुक युवा स्वेच्छा से भोजन बना सकते हैं। श्री शर्मा निर्देश दिए कि सभी पुनर्वासित युवाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाए तथा केंद्र से बाहर जाने से पूर्व उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाना भी सुनिश्चित किए जाएं। उपमुख्यमंत्री ने अपील की कि यदि उनके परिजन या पहचान के लोग जेल में निरुद्ध हैं तो वे उनसे मिल सकते हैं या वे पुनर्वास केंद्र में आकर साथियों से मुलाकात कर सकते हैं। यदि वे जेल से पुनर्वास करना चाहें तो भी शासन उनकी हरसंभव मदद कर जेल से पुर्नवास कराने को तैयार है।

### जवानों से मिलकर बढ़ाया हौसला

गृहमंत्री श्री शर्मा ने दंतेवाड़ा स्थित सीआरपीएफ बटालियन कैंप पहुंच जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे सैन्य बलों के शौर्य का ही परिणाम है कि आज बस्तर संभाग में अब तक लोगों की नजरों से छुपे हुए नए नए पर्यटन केंद्रों में पहुंच कर लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। स्थानीय लोगों को इससे रोजगार भी प्राप्त हो रहा है।

### मारडूम घाटी मार्ग से पहुंचे दंतेवाड़ा

उपमुख्यमंत्री कभी अति संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले मारडूम घाटी मार्ग से होते हुए चित्रकूट, लोहंडीगुड़ा और बारसूर के रास्ते दंतेवाड़ा पहुंचे थे। इसके माध्यम से उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि कभी दुर्गम माने जाने वाले मार्ग भी अब सुगम हो गए हैं। अब लोग बिना किसी भय के रात हो या दिन निर्भय होकर इन पर सफर कर सकते हैं।

### प्रशिक्षण ले रहे 107 युवा

वर्तमान में केंद्र में कुल 107 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें 60 बीजापुर एवं 47 दंतेवाड़ा जिले के हैं। यहां इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सिलाई और ड्राइविंग जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। अब तक 7 युवाओं को ड्राइविंग के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है तथा 75 युवाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया है।

---

# 200 करोड़ की CSR पहल का शुभारंभ 33,000 छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति




### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की वित्त वर्ष 2026–27 के लिए 200 करोड़ की CSR पहल का उद्घाटन डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया। इस दौरान 33,000 छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम की शुरुआत भी की गई। कार्यक्रम में चेयरमैन एम.पी. अहमद, प्रबंध निदेशक ओ. अशर, कार्यकारी निदेशक निशाद ए.के., अब्दुल्ला इब्राहिम, पुनीत कुमार, रुक्मिणी बनर्जी और डॉ. इदरीस सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि यह पहल नरेंद्र मोदी के "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" विज़न के अनुरूप है और इससे देश में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी के अनुसार, 19 राज्यों में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से 2 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है।

---

## शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि को बदला जाता है नगाड़े का कलेवर

# एक ऐसा मंदिर, जहां देवी स्वरूप में होती है खड्ग एवं नगाड़े की पूजा

देवी के प्रति सभी समुदाय के लोगों की है गहरी आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

नवरात्रि विशेष

सरगुजा में एक ऐसा प्राचीन देवी मंदिर है जहां देवी की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। मंदिर में खड्ग एवं नगाड़ा की स्थापना की गई है। मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप मानकर नवरात्रि में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। सरगुजा प्राचीन दण्डकारण्य के बीहड़ वन का प्रमुख हिस्सा रहा है।

### पंचमी को बदलता है कलेवर

परम्परानुसार शारदीय नवरात्र के दौरान पंचमी तिथि को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। घसिया समाज का एक मात्र परिवार नगाड़ा का कलेवर बदलता है तथा पंचमी तिथि को देवी स्वरूप में नए कलेवर में नगाड़ा की स्थापना की जाती है। मंदिर में नगाड़ा के स्थापना की विधि भी अनूठी है।



### नगाड़ा में है देवी का पिण्ड

पंचमी तिथि को ही पूजा के दौरान साल में एक बार नगाड़ा को बजाया जाता है। शंकरगढ़ जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव बताते हैं कि क्षेत्रवासी नगाड़े को ही देवी का पिंड मानते हैं तथा श्रद्धापूर्वक सालभर पूजा-अर्चना करते हैं। बड़की माई सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की अराध्य देवी हैं।

### बेसरापाट में भी होती है देवी की पूजा

बेसरापाट पहाड़ी के पास भी मंदिर का निर्माण किया गया है। अजय चतुर्वेदी के अनुसार बड़की माई मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप माना जाता है तथा पंचमी को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। सरगुजा के इतिहासकार गोविंद शर्मा ने बताया सरगुजा प्रारंभ से ही शक्ति की उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है तथा यहां विभिन्न स्वरूपों में देवी महामाया की पूजा-अर्चना की परंपरा है।

---

# दो परीक्षाओं में शामिल हुए केवल चार छात्र, इनमें भी दो फेल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दिसंबर-जनवरी में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी करने का सिलसिला जारी है। रविवि द्वारा 19 कक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं। इनमें से दो विषय ऐसे रहे, जिनमें सिर्फ दो-दो छात्र ही परीक्षा में शामिल हुए। इनमें भी आधे अनुत्तीर्ण रहे। इन विषयों में एमएड एटीकेटी द्वितीय सेमेस्टर और बीपीएड ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर शामिल है। विश्वविद्यालयीन नियमों के अनुसार छात्रों द्वारा दाखिला लेते समय जो पाठ्यक्रम लागू होता है, उसी पाठ्यक्रम के आधार पर विवि द्वारा छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करना अनिवार्य है। विवि के पाठ्यक्रम नियमित अंतराल में बदलते रहते हैं, लेकिन कई छात्र वर्षों गुजर जाने के बाद भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं। इन अनुत्तीर्ण छात्रों की संख्या घटती जाती है। नियमतः एक परीक्षार्थी भी होने की स्थिति में विवि प्रबंधन द्वारा परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

### तीन पाठ्यक्रमों के परिणाम 100 फीसदी

एमएससी आईटी (एटीकेटी) द्वितीय सेमेस्टर, एमए दर्शनशास्त्र व योग तृतीय सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान (संसाधन प्रबंधन और मानव विकास) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहे हैं। इसके अलावा पंच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएएलएलबी भाग-5 प्रथम सेमेस्टर 97.83% उत्तीर्णदर रही। एलएलबी भाग-2 में 95.74 व भाग-3 दोनों में 95.57% छात्र उत्तीर्ण रहे।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी को शिक्षित बेरोजगार महिला/पुरुषों की आवश्यकता है, घर बैठे दवाई पैकिंग कर- के 20000/- से 25000/- प्रतिमाह कमाएं, Noc चार्ज 2150/-. संपर्क करें 8102167794 (रायपुर /28/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह का विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

**पश्चिम मध्य रेल**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी-47-2026 दिनांक 24.03.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म धुलाई, कोच वाटरिंग तथा अन्य यात्री उपयोग हेतु समर्पित एवं विश्वनीय 24×7 जल आपूर्ति की व्यवस्था का प्रावधान, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपयेः** ₹9,98,69,283/-, **बयाना राशि रुपयेः** ₹19,97,400, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजेः** 17.04.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजेः** 17.04.2026. **नोटः** उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "**https://ireps.gov.in**" उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

---

# गैस रिफिल नियमों पर भ्रम खत्मः न कोई बदलाव न ही घबराने की जरूरतः पेट्रोलियम मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समय-सीमा (रिफिल टाइमलाइन) में बदलाव को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है।

### 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित

मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कमी की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार देश भर में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार है और 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं।

---

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।


**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

---

## शब्द पहेली - 6178



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 6177 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | ■ | ■ | म | वा | ली | ■ |
| स | म | ■ | ल | ■ | चा | ला | न | ■ | ख | त |
| मा | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ | न | ■ | ■ | म |
| न | ज | रा | ना | ■ | ■ | म | ■ | क | या | स |
| ता | ■ | व | ■ | ना | ला | य | क | ■ | प | ■ |
| ■ | प्रा | ण | ■ | म | ■ | खा | ■ | जा | न | ■ |
| ■ | रु | ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | हि | ■ | म |
| स | प | ना | ■ | द | ■ | ■ | ब | ल | वा | न |
| र | ■ | ■ | स | ■ | ल | की | र | ■ | ■ | भा |
| ल | व | ■ | न | सी | ब | ■ | सा | ■ | दा | व |
| ■ | ध | म | की | ■ | ■ | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6188

★★★★☆ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6187 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



# वाल्मीकि रामायण की पहली झलक जारी, राम के दिखे चरण

**मुंबई।** आगामी फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी। फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता भावना तलवार ने संभाली है। गुरुवार साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी'। बता दें कि यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है।

लाइफ Style

# जैस्मिन

## पंजाब की मिट्टी ने दी आवाज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपनी दमदार आवाज और रूहानी सुरों से जैस्मिन सैंडलस मे अपना एक अलग मुकाम बनाया है। पंजाब से शुरू हुई जैस्मिन की कहानी आज उनके गानों के जरिए फैंस की जुबान पर हैं। एक वक्त था जब सिंगर बुरी तरह टूटीं मगर जब वो दोबारा उठीं तो सिंगिग की दुनिया की 'धुरंधर' बन गईं।



आदित्य घर की 'धुरंधर' से एक तरह से जैस्मिन को दोबारा बड़े लेवल का चांस मिला। पहले पार्ट में 'धुरंधर' के टाइटल गाने से जैस्मिन की शुरूआत हुई। इसी फिल्म में उन्होंने 'शरारत' भी गया जो भारत समेत सीमा पार कर पाकिस्तान में खूब लोकप्रिय हुआ। 'धुरंधर द रिवेंज' में शाश्वत सचदेव के म्यूजिक कंपोजीशन में ज्यादातर गानें जैस्मिन सैंडलस के ही नाम रहे। साथ ही मशहूर पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज के साथ काम करने का जैस्मिन का सपना भी 'धुरंधर द रिवेंज' से पूरा हो गया। आज सिंगर एक बार फिर चर्चा में हैं और अपनी सफलता का जश्न मना रही हैं। 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' के बाद सिंगर जैस्मिन सैंडलस को फैंस का काफी प्यार मिल रहा है। मगर पंजाब की गलियों से लेकर आज स्टेज पर आग लगाने तक का सफर जैस्मिन के लिए आसान नहीं था। अपनी कड़ी मेहनत और मां के सपोर्ट के दम पर आज जैस्मिन की आवाज जगह-जगह गूंज रही है। पंजाब में जन्मी जैस्मिन को बचपन से ही गाने का बड़ा शौक था। उनकी मां उन्हें लेकर सिंगिग के लिए स्कूल के प्रोग्राम में लेकर जाती। छोटी जैस्मिन को पारंपरिक पंजाबी गाने बहुत अच्छे लगते थे।

हॉलीवुड मसाला



# ट्रेलर देख रोंगटे हो जाएंगे खड़े

**लॉस एंजिल्स।** हांगकांग की आगामी एक्शन फिल्म 'द फ्यूरियस' का ट्रेलर ही सामने आया है, लेकिन फिल्म के एक्शन को लेकर ये लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। 2 मिनट 6 सेंकड के इस ट्रेलर में इतनी बर्बरता और क्रूरता देखने को मिली है। कि आप एनिमल के रणविजय और धुरंधर के हमजा व रहमान डकैत की क्रूरता को भी रहम ही समझेंगे। फिल्म की कहानी वेई (शी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह द्वारा अपहरण की गई अपनी बेटी की तलाश कर रहा है। वेई की मदद नवीन (तस्लीम) करता है।




# हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स... सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के नए टीवी सीरीज हैरी पॉटर का ट्रेलर बुधवार देर रात जारी किया गया। राइटर जेके रोलिंग की किताब पर आधारित एचबीओ का यह अडैप्टेशन हैरी पॉटर की असल फिल्म सीरीज के काफी अलग होगी। इसकी झलक के साथ ही मेकर्स ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। मेकर्स ने साफ किया है कि यह सीरीज समय से पहले क्रिसमस 2026 पर रिलीज होगी। एक और चौंकाने वाली बता यह है कि इस सीरीज का ऑफिशियल टाइटल सिर्फ हैरी पॉटर नहीं, बल्कि हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन है। ऐसे में फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि यह इस टीवी सीरीज का सिर्फ पहला सीजन होगा। इसे फिल्म और नॉवेल की तरह ही कई पॉर्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के ट्रेलर में यंग हैरी और उसके दोस्त हरमाइनी ग्रेंजर व रॉन वीज्ली को हॉगवर्ट्स में अपने पहले साल में दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ सीन से यह तो साफ है मेकर्स ने फिल्म को सीन-ब-सीन कॉपी न करते हुए और डिटेल में कहानी बयां की है।



# टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

**मुंबई।** राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित 'टोस्टर' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट जारी करते हुए एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में राजकुमार राव नजर आते है, जो ये बताते हैं कि उनकी फिल्म 'टोस्टर' 5 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इसके साथ ही राजकुमार फिल्म में अपने किरदार और फिल्म की बाकी कास्ट के बारे में भी जानकारी देते हैं। फिल्म में राजकुमार राव रमाकांत नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो एक कंजूस व्यक्ति है। कैप्शन में मेकर्स ने बताया है कि 'ये एक जबर-टोस्ट कॉमेडी होने वाली है।' वीडियो में राजकुमार राव से एक मोनोलॉग बोलने के लिए कहा जाता है और उन्हें स्क्रिप्ट दी जाती है। लेकिन राजकुमार कहते हैं कि हर बार मोनोलॉग बोलना जरूरी थोड़ी है।



# आखिरी सवाल में होंगे मुख्य भूमिका में

**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। संजय दत्त की अगली फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। इसका नाम 'आखिरी सवाल' है। संजय दत्त फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। गुरुवार को फिल्म आखिरी सवाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। आखिरी सवाल के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आखिरी सवाल फिल्म में संजय के अल्वा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच पिछले कई हफ्तों से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बने रहने की जंग चल रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास' ने बाजी मारी है। एक बार फिर टीआरपी क्वीन का खिताब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तुलसी के सिर पर सजा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 सीरियल को दसवें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी, ग्यारहवें हफ्ते भी इसने अपने टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इस सीरियल की टीआरपी 1.9 रही है। दसवें हफ्ते में सीरियल 'अनुपमा' 1.9 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर था, लेकिन ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी कम हुई है, ग्यारहवें हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.8 रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल 'वसुधा' है, इसकी टीआरपी 1.8 है। वहीं ,पांचवें नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' रहा है, इसकी टीआरपी 1.8 है। हाल ही में खत्म हुए रियलिटी शो 'द 50' की टीआरपी ग्यारहवें हफ्ते में भी काफी कम रही है, इसको 0.6 की टीआरपी मिली है। यह रियलिटी शो 'बिग बॉस' जैसे जादू दर्शकों पर नहीं चला पाया है।

## अब घर बैठे देख सकेंगे मर्दानी-3

**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' अगर आपने सिनेमाघरों में नहीं देखी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। क्योंकि सिनेमाघरों के बाद अब फिल्म 'मर्दानी 3' ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट और प्लेटफॉर्म दोनों की घोषणा कर दी है। 'मर्दानी 3' शुक्रवार 27 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। खुद नेटफ्लिक्स की ओर से एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी साझा की गई है। फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, 'अपराधियों के बुरे दिन शुरू। शेरनी आ रही है शिकार करने। 27 मार्च को नेटफ्लिक्स पर मर्दानी 3 देखें।' अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।



# एक दिन का गाना ख्वाब देखूं रिलीज दिखी जुनैद-साई की केमिस्ट्री

**मुंबई।** गुरुवार को जुनैद खान और साई पलल्वी की फिल्म 'एक दिन' का गाना 'ख्वाब देखूं' रिलीज हो चुका है। इस रोमांटिक गाने को साई और जुनैद पर फिल्माया गया है। यह एक रोमांटिक गाना है। इस गाने को अरिजीत के साथ पार्श्वगायक तरन्नुम मलिक जैन ने गाया है, जो फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 'ख्वाब देखूं' गाने का कुछ हिस्सा कुछ हफ्ते पहले रिलीज हुए 'एक दिन' के ट्रेलर में भी दिखाया जा चुका है। इस गाने को अरिजीत के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 'एक दिन' एक रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर और केविन दवे सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। आमिर खान की इस फिल्म की शूटिंग ज्यादातर जापान में हुई है। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है। इसकी पटकथा स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने मिलकर लिखी है। वहीं, मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित इसके निर्माता हैं। 'एक दिन' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# बिंदास और बेफिक्र इंसान होता है सबसे ज्यादा फैशनेबल : सिद्धांत

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने छोटे से कॅरियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। यही कारण है कि उनकी गिनती इंडस्ट्री के उभरते हुए सितारों में होती है। असल जिंदगी में काफी ग्राउंडेड नजर आने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने अब सोशल मीडिया पर फैशन के बढ़ते दबाव के बारे में खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर भी बताया। सिद्धांत चतुर्वेदी स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरी पहली पहचान एक अभिनेता के रूप में है, न कि फैशन आइकन के रूप में। फैशन को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए सिद्धांत ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे फैशनेबल व्यक्ति वह है, जो ज्यादा नहीं सोचता, थोड़ा बेफिक्र और बिंदास होता है। आखिरकार किसी के व्यक्तित्व को देखकर उसका स्वैग अपने आप झलक जाता है। अगर आप ज्यादा सोचते हैं, तो आप दूसरों जैसा बनने की कोशिश कर रहे होते हैं, मुझे ऐसा लगता है। एक्टर ने कहा कि मैं एक अभिनेता बनने आया हूं, मुझे वह अवसर मिला और आज मैं एक अभिनेता हूं। यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। फैशन की बात करें तो, यह सब मेरी फिल्मों में ही है, मतलब वे हमें अच्छे कपड़े पहनाते हैं। मेरा मानना है कि सबका अपना-अपना फैशन होता है। मुझे साधारण रहना ज्यादा पसंद है। फैशन को किसी पर थोपना नहीं चाहिए। सिद्धांत चतुर्वेदी के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आए थे।



## शीश झुकाओ राम गुन गाओ, बोलो जय विष्णु के अवतारी...

# बॉलीवुड के इन गीतों में बसे हैं राम, रफी से लेकर किशोर ने दी आवाज

*नई दिल्ली। पूरे देश में रामनवमी पर भगवान राम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है। हर कोई प्रभु राम की आराधना कर रहा है और रामनवमी की शुभकामनाएं दे रहा है। इस मौके पर जानते हैं बॉलीवुड के उन गानों के बारे में जिनमें सुनाई दी राम नाम की धुन। जानते हैं ऐसे ही कुछ प्रमुख राम भक्ति में डूबे गीतों के बारे में।*

### सुख के सब साथी दुख में न कोई

दिलीप कुमार-सायरा बानो की फिल्म गोपी का गीत 'सुख के सब साथी दुख में न कोई' प्रभु राम की आराधना में लिखा हुआ गीत है। इसे दिलीप कुमार पर फिल्माया गया है और इस गीत को गाया है मोहम्मद रफी ने। गाने में संगीत कल्याणजी-आनंदजी का है और शब्द राजेंद्र कृष्ण ने लिखे हैं। ये भजन आज भी काफी लोकप्रिय है।

### दुनिया में है तेरा बड़ा नाम...

1973 में आई धर्मेंद्र की फिल्म 'लोफर' में भगवान राम से जुड़ा एक भजन गीत सुनाई देता है- 'दुनिया में है तेरा बड़ा नाम।' ओमप्रकाश पर फिल्माये गए इस गाने को महेंद्र कपूर ने अपनी आवाज दी। गाने के बोल लिखे हैं आनंद बख्शी ने और संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया है।

### रामजी की निकली सवारी

ऋषि कपूर और जया प्रदा पर फिल्माया गया गीत 'रामजी की निकली सवारी' सरगम फिल्म का है। इस भजन को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से और भी मधुर बना दिया है। जबकि गाने के बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं। इसमें संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का है।



### राम का नाम बदनाम न करो

देव आनंद की 'हरे रामा हरे कृष्णा' फिल्म का गीत 'राम का नाम बदनाम न करो' एक सामाजिक संदेश देने वाला गीत है। इस गाने के शब्द युवाओं को संदेश देते हैं और नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया है और आनंद बख्शी ने लिखा है। गाने में संगीत आरडी बर्मन का है।

### रघुपति राघव राजाराम

रघुपति राघव राजाराम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पसंदीदा भजन रहा है। इस भजन को कई हिंदी फिल्मों में भी इस्तेमाल किया गया है। अलग-अलग वर्जन और अलग-अलग लिरिक्स के साथ इन पंक्तियों का इस्तेमाल किया गया है। मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम में जहां यह भजन के तौर पर सुनाई देता है। वहीं, ऋतिक रोशन की 'कृष 3' में इन पंक्तियों को मॉडर्न म्यूजिक के साथ एक गाने ते कौर पर इस्तेमाल किया गया है।

### जय श्रीराम जय श्रीराम

साल 2023 में आई प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष रामायण पर आधारित बताई गई थी। लेकिन, फिल्म अपने डायलॉग और किरदारों को लेकर काफी आलोचनाओं में रही थी। हालांकि, भगवान राम की आराधना करने वाला इस फिल्म का गीत 'जय श्रीराम' काफी पॉपुलर हुआ था और लोगों ने इसे पसंद किया था। इस गाने को अजय-अतुल ने गाया है और उन्होंने ही संगीत दिया है। जबकि गाने को लिखा मनोज मुंतशिर ने है।

# टाइटल डिफेंड करने उतरेगी आरसीबी सीएसके, केकेआर-एमआई देंगे टक्कर

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।




### सनराइजर्स के बैकअप विकल्प भरोसेमंद नहीं

*सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।*

### आरसीबी को हेजलवुड और दयाल के बिना उतरना होगा मैदान में

आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे। आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा।

### एमआई, सीएसके और केकेआर के पास 13 खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है।







### रो-को पर रहेगी नजर

इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं।

# मियामी ओपनः सबालेंका का दबदबा लगातार दूसरी बार फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मियामी

बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।




- रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया
- खिताबी मुकाबले में अब गॉफ से भिड़ंत

### सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ दिखाया शानदार खेल

मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया।

### सबालेंका का विशेष मुकाम

सबालेंका इस सदी की चौथी खिलाड़ी हैं, जो अपने सीजन के पहले चार डब्ल्यूटीए इवेंट्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्टिना हिंगिस (2001), सेरेना विलियम्स (2003) और विक्टोरिया अजारेंका (2012) के नाम रहा है। इस तरह का प्रदर्शन उन्हें टेनिस की दुनिया में एक विशेष मुकाम दिलाता है।

### जेवरेव ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



मियामी ओपन में जर्मनी के खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है, जो उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ जेवरेव ने सेरुंडोलो के खिलाफ लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस तरह उनका एटीपी में हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 4-3 हो गया है। जेवरेव अब अपना पूरा ध्यान इटली के टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर लगाएंगे। सिनर पिछले छह मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करके जेवरेव के खिलाफ 7-4 से आगे हैं।

## खबर संक्षेप



### ह्यूस्टन ओपन में 11वें स्थान पर थीगाला

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थीगाला शानदार शुरुआत करते हुए टेक्सास चिल्ड्रन्स ह्यूस्टन ओपन के पहले दौरे के बाद 3-अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे। पॉल वारिंग पहले दिन के खेल के बाद बिना किसी बोगी के सात-अंडर 63 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येलामाराजू 1-अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर हैं।

### गोरखपुर में महिला रोइंग का शिविर शुरू



**नई दिल्ली।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए 51 दिवसीय राष्ट्रीय रोइंग शिविर गोरखपुर में शुरू हो गया। रामगढ़ झील स्थित जल क्रीड़ा परिसर में यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### बेल्लारी में कबड्डी का अनुकूलन शिविर शुरू



**बेल्लारी।** नवीन कुमार, पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल और सोनाली विष्णु शिंगेट सहित पुरुष और महिला वर्ग के कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी इस वर्ष के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अनुकूलन शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर 2 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के विकास, फिटनेस, अनुकूलन और प्रदर्शन में उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान दिया जाएगा।

# आईपीएल 2026ः पहले मैच में भुवनेश्वर के पास इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके पास आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में नया इतिहास रचने का मौका होगा। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें दो विकेट की जरूरत है।

**आईपीएल में 200 विकेट पूरे कर सकते हैं भुवनेश्वर**

आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में सबकी नजरें अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर रहेंगी। वह आईपीएल में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, जो अब तक कोई भी तेज गेंदबाज ने नहीं बना पाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सिर्फ 2 विकेट लेते ही वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। भुवनेश्वर कुमार ने अभी तक आईपीएल में 190 मैचों में 198 विकेट अपने नाम हैं। इस दौरान उन्होंने 2 बार पांच विकेट हॉल और 2 बार चार विकेट हॉल अपने नाम

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

**युजवेंद्र चहलः** 174 मैचः 221 विकेट
**भुवनेश्वर कुमारः** 190 मैच : 198 विकेट
**सुनील नरेनः** 189 मैचः 192 विकेट
**पीयूष चावलाः** 192 मैचः 192 विकेट
**आर अश्विनः** 221 मैचः 187 विकेट

# भारत ने जीते 10 पदक, कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया।

भारत ने रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए, जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे। भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा, जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे।



### कंबोज ने जीता पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया, जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की। इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की।

### तेजल ने व्यक्तिगत वर्ग में जीता कांस्य पदक

अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी ने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो , जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी। तीन सेट के बाद उन्होंने 118-117 के मामूली अंतर से एक अंक की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित की।

## फोर्ड चैंपियनशिप : संयुक्त 108वें स्थान पर अदिति



**चैंडलर।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने फोर्ड चैंपियनशिप के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 108वें स्थान पर बनी हुई हैं। पहले दिन कई शीर्ष खिलाड़ियों ने शानदार स्कोर बनाए।न्यूजीलैंड की लिडिया को (60) और दक्षिण कोरिया की मौजूदा चैंपियन ह्यो जू किम (61) ने पहले दिन अंडर पार दो अंक का स्कोर बनाया। सत्ताईस साल की अदिति ने दिन की शुरुआत बैक नाइन पर 11वें, 12वें और 13वें होल से लगातार तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने पहली बोगी 18वें होल पर की। इसके बाद पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी लगाई। वह तीसरे और चौथे होल पर लगातार शॉट ड्रॉप कर बैठी। छठे और सातवें होल पर लगातार बोगी से उन्होंने इवन पार का कार्ड बनाया। अदिति ने पांच बर्डी लगाईं और इतनी ही बोगी कर बैठीं।

# सूर्यवंशी टीम इंडिया में कर सकते हैं डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी आखिरकार 15 साल के हो चुके हैं। साल 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में वो राजस्थान रॉयल्स में है। वैभव ने पिछले साल 14 की उम्र में डेब्यू किया था और कमाल किया था। ऐसे में अब वैभव के लिए बेहद अच्छी खबर है।

15 साल के होने के साथ ही वो अब भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के योग्य हो चुके हैं। आईसीसी के आर्टिकल 4 के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को नेशनल टीम में खेलने के लिए 15 साल का होना जरूरी है। इस नियम को साल 2020 में पेश किया था। इस दौरान कहा गया था कि किसी भी खिलाड़ी को नेशनल क्रिकेट फेडरेशन का प्रतिनिधित्व करने के लिए या इंटरनेशनल मैच में खेलने के लिए उसकी उम्र 15 साल होनी चाहिए। अब जब सूर्यवंशी 15 साल के हो चुके हैं तो वो अब भारत की सीनियर टीम में खेलने के योग्य हो चुके हैं।




### आईपीएल 2026 में फिर कमाल करेंगे

वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स को 1.1 करोड़ रुपए में लिया था। आईपीएल में डेब्यू के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर ही छक्का ठोका था। इसके बाद उन्होंने 35 गेंदों पर शतक ठोका था। ये टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक था।

# फ्रांस ने ब्राजील को दी शिकस्त



**फॉक्सबोरो।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।

# बोलिविया ने सूरीनाम को दी मात



**मॉन्टेरी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे बोलीविया ने सूरीनाम को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग प्लेऑफ के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना इराक से होगा। एक अन्य मैच में स्ट्राइकर बेली कैडामार्टेरी के गोल की मदद से जमैका ने न्यू कैलेडोनिया पर 1-0 से जीत हासिल की और अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाई। उसे विश्व कप में जगह बनाने के लिए अब कांगो का सामना करना होगा। लियाम वैन गेलडेरेन ने 48वें मिनट में सूरीनाम को बढ़त दिलाई, लेकिन पानिगुआ ने 72वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया और टेरसेरोस ने 79वें मिनट में पेनल्टी किक पर विजयी गोल दागा। सूरीनाम पहली बार क्वालीफाई करने की कोशिश कर रहा था।

# इटली ने आयरलैंड को हराया




**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।




**हाईकोर्ट ने चिंता जताते हुए याचिका का किया निराकरण**

# क्लोजर रिपोर्ट लंबे समय तक लंबित रखने की प्रवृत्ति अनुचित

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि क्लोजर रिपोर्ट लंबे समय तक लंबित रखने की प्रवृत्ति अनुचित है। क्लोजर रिपोर्टों को बिना आदेश के लंबित रखना उचित नहीं है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया कि क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर उस पर निर्णय किया जाना चाहिए, अन्यथा संबंधित न्यायिक अधिकारी जवाबदेह हो सकते हैं।

हालांकि, सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष द्वारा कोर्ट को यह भी अवगत कराया गया कि विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), रीवा द्वारा क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई है। इस स्थिति में हाईकोर्ट ने पाया कि अब मामले में किसी प्रकार की आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है। लिहाजा, याचिका निरर्थक मानते हुए उसका निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ता रीवा निवासी कमलेश कुमार गौतम की ओर से अधिवक्ता रावेंद्र तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने हाईकोर्ट का ध्यान इस ओर आकर्षित किया



कि विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, रीवा के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट चार फरवरी, 2023 से लंबित है। क्लोजर रिपोर्टों को लंबे समय तक लंबित रखने से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### क्या था मामला

याचिकाकर्ता के विरुद्ध लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार के मामले में दो एफआइआर दर्ज की थी। एक में ट्रायल हुआ जबकि दूसरे में नहीं। दोनों मामलों में एक ही घटना संबंधित थी। लिहाजा, लोकायुक्त ने गलती पाकर दूसरे प्रकरण में खात्मा लगा दिया। लेकिन क्लोजर रिपोर्ट के अभाव में ट्रायल कोर्ट मामला समाप्त नहीं कर पाई थी। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

**नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फंसाने का आरोप**

## अस्पताल संचालक से ब्लैकमेलिंग के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन ज्योतिषी की अदालत ने अस्पताल संचालक को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फंसाने के आरोपित रांझी निवासी प्रवीण कुमार दाहायत को जमानत देने से इनकार कर दिया।कोर्ट ने आरोपी की अर्जी निरस्त कर दी।

अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुशील सोनी ने अर्जी का विरोध किया। उन्होंने व आपत्तिकर्ता के वकील ने दलील दी कि आरोपित आदतन अपराधी है। वह पूर्व में भी भोले-भाले लोगों को जाल में फंसा चुका है। इसलिए यदि जमानत का लाभ मिला तो साक्षियों पर राजीनामा के लिए दबाव बना सकता है। वह कानूनी प्रविधानों का दुरुपयोग कर लोगों को झूठे अभियोजन में फंसा कर राशि हड़पने में माहिर है। आपत्तिकर्ताओं की ओर से कहा गया कि आरोपित फर्जी पत्रकार बनकर अवैध वसूली करता है। खुद को विधि का छात्र भी निरूपित करता है। इस तरह पत्रकारित व वकालत जैसे नोबल प्रोफेशन का दुरुपयोग करता है। उसे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। खुद को समाजसेवी संगठन का संरक्षक बताकर अनुचित गतिविधियों में संलिप्त रहता है। मकान में अवैध कब्जे तक करता है। मकान खाली कराने के एवज में मोटी रकम ऐंठता है। ब्लैकमेल कर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देता है। अदालत ने तर्क सुनने के बाद जमानत से इनकार कर दिया।

**हाईकोर्ट ने कहा, पैथोलॉजिस्ट को अधिकतम 2 लैब तक सीमित करने के आदेश के खिलाफ याचिका पर सभी पक्षों से मांगे सुझाव**

# सही और विश्वसनीय मेडिकल रिपोर्ट मिलना मौलिक अधिकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान ओपन कोर्ट में कहा कि टेक्नीशियन दिन भर सैंपल की जांच करते हैं और पैथोलॉजिस्ट शाम को लैब में आकर रिपोर्ट पर साइन कर देते हैं, यह आम लोगों की धारणा है। सही और विश्वसनीय मेडिकल रिपोर्ट मिलना मरीजों का मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चल रहा है कि एक पैथोलॉजिस्ट 26 लैबों में रिपोर्ट बनाकर दे रहे हैं।अलग अलग जिलों में ये लैब्स हैं, फिर यह कैसे संभव है कि यदि ऐसा हो रहा है तो यह चिंताजनक है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने बेंच ने सभी पक्षों को इस संबंध में सुधार के लिए सुझाव देने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 12 मई को होगी।



महाकौशल एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट, एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स भोपाल, मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन व एसोसिएशन ऑफ नर्सिंग होम्स जबलपुर की ओर से याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में से कुछ सरकार के उस आदेश के पक्ष में हैं, जिसमें एक पैथोलॉजिस्ट को सिर्फ दो लैब में ही सीमित कर दिया गया था। कुछ याचिकाकर्ता इस आदेश के खिलाफ हैं। महाकौशल एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट की ओर से तर्क दिया गया कि राज्य सरकार के 22 अक्टूबर 2024 को जारी आदेश के अनुसार, लैब का संचालन सिर्फ वही पैथोलॉजिस्ट कर सकते हैं, जिनके पास पैथोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री हो। याचिका में आरोप है कि नियम का पूरी तरह पालन नहीं हो पा रहा है। कई जगहों पर अयोग्य लोग लैब संचालित कर रहे हैं। मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि सरकार पैथोलॉजिस्ट के अधिकारों को कम करना नहीं चाह रही है, बल्कि सरकार की मंशा है कि मरीजों को सही रिपोर्ट मिले।

**अंतिम संचालन अनुमति का इंतजार, उद्योग और घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**

# नागपुर-जबलपुर गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट में आई तेजी

**जबलपुर।** शहर के लिए बड़ी राहत और विकास से जुड़ी खबर है। नागपुर–जबलपुर गैस पाइपलाइन परियोजना में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। करीब 317 किलोमीटर लंबी इस पाइपलाइन का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब इसके संचालन के लिए अंतिम अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि स्वीकृति मिलते ही पाइपलाइन से गैस आपूर्ति शुरू की जा सकेगी।

इस पाइपलाइन के चालू होने से जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की बिना रुके आपूर्ति संभव हो सकेगी। इससे स्थानीय उद्योगों को सस्ती और स्वच्छ ईंधन सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस के माध्यम से घरों तक रसोई गैस पहुंचाने का रास्ता भी साफ होगा। जानकारों का कहना है कि गैस उपलब्ध होने से छोटे और मध्यम उद्योगों की उत्पादन लागत कम होगी, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं।

### सुरक्षा और तकनीकी परीक्षण जारी

सूत्रों के अनुसार, पाइपलाइन का प्रेशर टेस्ट और सुरक्षा से जुड़े तकनीकी परीक्षण पूरे किए जा रहे हैं। संबंधित विभागों से अंतिम संचालन स्वीकृति मिलना बाकी है। स्वीकृति मिलते ही चरणबद्ध तरीके से गैस सप्लाई शुरू की जाएगी।

### रेलवे और औद्योगिक उपयोग भी संभव

परियोजना से रेलवे और बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलने की संभावना है। इससे पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम होगी और लागत में कमी आएगी। अधिकारियों का कहना है कि सभी औपचारिकताएं पूरी होते ही जबलपुर को प्राकृतिक गैस नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। शहरवासियों को अब इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के जल्द शुरू होने का इंतजार है।

### पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद

प्राकृतिक गैस को कोयला और डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाने वाला ईंधन माना जाता है। पाइपलाइन शुरू होने से शहर में प्रदूषण स्तर कम करने में मदद मिल सकती है। नगर विकास से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि यह परियोजना जबलपुर को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाएगी।

## बाईक चालक को टैक्टर ने रौंदा

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत ग्राम मरहा, हिरन नदी पुल के बीच मझगवां रोड में एक बिना नंबर के ट्रैक्टर ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके नीचे दबकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड न. 10 मझगवां निवासी 40 वर्षीय विनोद चक्रवर्ती गत दिवस अपनी मोटर सायकल में खितौला तरफ जा रहा था दिन में करीब ढाई से तीन बजे के बीच ग्राम मरहा मझगवां रोड से हिरन नदी पुल के पास पीछे मझगवां तरफ से आ रहे बिना नंबर का एक लाल रंग का ट्रेक्टर के चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए विनोद चक्रवर्ती की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे विनोद चक्रवर्ती मोटर सायकल सहित बीच रोड में गिर गया तभी ट्रैक्टर का पहिया विनोद चक्रवर्ती के सिर में चढ़ गया जिससे उसका सिर कुचल गया एवं विनोद की मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मृतक का छोटा भाई प्रमोद और पिता रतनलाल चक्रवर्ती मौके पर पहुंचे जहां पर विनोद चक्रवर्ती मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 106 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**दुर्घटना : गुरंदी में 15 लाख का नुकसान, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप**

# अगरबत्ती की थोक दुकान में भीषण आग

हरिभूमि जबलपुर।

गुरंदी बाजार स्थित अगरबत्ती के थोक विक्रेता की दुकान व गोदाम में कल देर रात लगभग 1.30 बजे अचानक आग भड़क गई। इस हादसे में 15 लाख रुपए की क्षति का अनुमान लगाय गया है। अगरबत्ती सहित अन्य पूजन सामग्री जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम दमकल विभाग के पांच वाहन मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने इस मामलें में बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने में घंटो लग गए, जिससे आग को भड़कने का मौका मिला।




घटना के संबंध में नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरंदी स्थित पूजन सामग्री के विक्रेता सत्यम चौकसे की दुकान में देर रात आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। विद्युत शॉट सर्किट होने की संभावना बताई जा रही है। दुकान में त्यौहारी सीजन होने के कारण, अगरबत्ती, हवन, गीली धूप, सहित नारियल की रस्सी का पर्याप्त स्टॉक था। ज्वलनशील होने के कारण आग ने जल्द ही विकराल रुप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 5 गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्राथमिक अनुमान के अनुसार करीब 15 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है। गनीमत यह रही कि दमकल कर्मियों ने समय रहते आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### पुलिसकर्मी से हुई झड़प के मामले में अब आरोपियों के नाम अज्ञात नहीं, पूर्व महापौर सहित पांच पर केस दर्ज

**जबलपुर।** बल्देवबाग चौराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी से पूर्व महापौर प्रभात साहू की हुई कथित झड़प के मामले में अब आरोपियों के नाम अज्ञात नहीं रह गए हैं। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद एसटीएफ ने पूर्व महापौर प्रभात साहू समेत पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है।लॉर्डगंज थाने में प्रभात साहू सहित कुल पांच आरोपी नामजद किए गए हैं। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता सहित मोटर व्हीकल एक्ट की धाराएं लगाई गई है। गौरतलब है कि पहले पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों को खिलाफ मामला दर्ज किया था। याचिकाकर्ता अधिवक्ता मोहित वर्मा ने बताया कि कोर्ट में पेश किए गए चालान से यह बात सामने आई। कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम में प्रभात साहू के साथ शुभम अवस्थी, महेंद्र रैकवार, विजय सोनी और अभिनंदन जायसवाल की भी भूमिका थी।आरोपियों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धाराएं 121(1), 132, 351(2), 3 (5) लगाई गई हैं, जो मारपीट, धमकी और शासकीय कार्य में बाधा जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित हैं।मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धाराएं 3/181, 129/194**D**, 5, 180 भी लगाई गई हैं। मामले में अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी।

**जबलपुर में टला बड़ा हादसा**

# चलती कार में लगी आग, पुलिस की सूझबूझ से बची बड़ी अनहोनी



हरिभूमि जबलपुर।

शहर में शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया, जब सांसद चौक के पहले चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना शाम करीब 5:15 बजे की बताई जा रही है। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए।

### पुलिस की मुस्तैदी बनी ढाल

मौके पर मौजूद पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के हमराह स्टाफ ने बिना देर किए मोर्चा संभाल लिया। पुलिस टीम ने कप्तान की गाड़ी से तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर निकाला और आग बुझाने में जुट गई।आग तेजी से फैल सकती थी, लेकिन पुलिस की फुर्ती से कुछ ही मिनटों में स्थिति नियंत्रित कर ली गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। इस पूरी घटना में जबलपुर पुलिस की सजगता और त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आपात स्थिति में पुलिस हर वक्त मुस्तैद है।

### आरक्षकों ने दिखाई बहादुरी

इस दौरान आरक्षक शिवा राज, सौरभ तिवारी, दीपक कनौजिया और पवन तिवारी ने साहस और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। उनकी तेज कार्रवाई से बड़ा हादसा होने से टल गया।

## 109 वाहन चालकों से 57 हजार जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालों व यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों कि खिलाफ कार्रवाई की। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 109 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 57 हजार 200 रूपये समन शुल्क वसूला गया । कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 43 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 183 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 24 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 3 गैरम्यादी, 37 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 50 जमानती वारंट तामील किये गये तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले व्यक्तियों सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 25 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 66 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 56 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये ।

**43 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

# ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा रेलिंग टूटी, बिजली पोल गिरा

**जबलपुर।** जबलपुर-पाटन रोड पर शुक्रवार की सुबह पाटन के समीप एक तेज रफ्तार आयशर वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। इस घटना में रेलिंग और एक बिजली का पोल टूट गया। हालांकि उस समय सड़क पर अन्य वाहन नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आयशर वाहन दमोह से जबलपुर की ओर आ रहा था। इसी बीच चालक का अचानक वाहन से नियंत्रण बिगड़ा और वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया। टक्कर से डिवाइडर की रेलिंग टूट गई और पास की पुलिया का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोडकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा तथा ट्रक जब्त कर आरोपी चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश आरंभ कर दी। वहीं टूटी रेलिंग हटाकर सड़क को फिर से चालू किया गया।



## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत डुमना रोड सुअरकोल चौक के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की उपचार दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम 5.40 बजे डुमना रोड सुअरकोल चौक के पास खमिरया में इंद्रानगर शक्ति भवन रामपुर थाना गोरखपुर निवासी 20 वर्षीय आदित्य यादव का सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण पिता संदीप यादव द्वारा भंडारी अस्पताल नेपियर टाउन में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टर ने चैक कर 6.40 बजे आदित्य को मृत घोषित कर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240